छत्तीसगढ़ विधान सभा

प्रश्नोत्तर-सूची
मार्च, 2022 सत्र

बुधवार, दिनांक 16 मार्च, 2022

भाग-1
तारांकित प्रश्नोत्तर

जन घोषणा पत्र में स्वास्थ्य कर्मी व मितानिनों के सम्बंध में की गई घोषणा
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

1. (*क्र. 1159) श्री डमरूधर पुजारी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- राज्य सरकार द्वारा आत्मसात जन घोषणा पत्र, 2018 में स्वास्थ्य, स्वास्थ्य कर्मी व मितानिनों के सम्बंध में क्या-क्या घोषणाएं की गई थीं, इनमें कितनी घोषणाएं पूर्ण हैं और कितनी अपूर्ण हैं, अपूर्ण को कब तक पूर्ण किया जावेगा ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार। शासन के निर्णय अनुरूप घोषणाओं को पूर्ण किया जा रहा है। समय सीमा बताया जाना संभव नही है।
[संलग्न "परिशिष्ट - एक"]

देशी एवं विदेशी मदिरा दुकानों के काउंटर
[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

2. (*क्र. 1178) श्रीमती छन्नी चंदू साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान के कितने काउंटर हैं ? कृपया जिलेवार देशी/ विदेशी मदिरा दुकान की अलग- अलग जानकारी देवे ? **(ख)** राजनांदगांव जिले में वर्ष 2018-19 से 2021-2022 के 15 फरवरी तक कितने प्रूफ लीटर शराब की खपत हुई ? कृपया वर्ष वार देशी/विदेशी मदिरा दुकान की काउंटरवार जानकारी देवें ? **(ग)** प्रति वर्ष राज्य में शराब की खपत में कितने प्रतिशत की बढ़ोतरी होती हैं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) वर्तमान में छत्तीसगढ़ राज्य में देशी मदिरा दुकान के 422 काउंटर, कंपोजिट मदिरा दुकान के 370 काउंटर, विदेशी मदिरा दुकान के 656 काउंटर तथा प्रीमियम मदिरा दुकान के 43 काउंटर हैं। जिलावार देशी/विदेशी मदिरा काउंटर संख्या की जानकारी**संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** राजनांदगांव जिले में वर्ष 2018-19 से 2021-2022 के 15 फरवरी तक देशी/विदेशी मदिरा खपत की वर्षवार जानकारी**संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।मदिरा दुकान एक पूर्ण ईकाई होने के कारण खपत (बिक्री) का परिकलन काउंटरवार न होकर दुकानवार किया जाता है। **(ग)** प्रतिवर्ष राज्य में शराब की खपत में बढ़ोतरी का कोई प्रतिशत निर्धारित नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दो"]

बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संविदा उपअभियंता को कार्यपालन अभियंता का प्रभार
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

3. (*क्र. 678) श्री सन्त राम नेताम : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड में संविदा उपअभियंता को कार्यपालन अभियंता के प्रभार में रहने के दौरान आर्थिक अनियमितताओं के आरोप में थाना पखांजुर, जिला कांकेर में तथा थाना बीजापुर, जिला बीजापुर में उक्त अधिकारी के विरुद्ध एफ.आई.आर. दर्ज की गई है? यिद हाँ तो विभाग के द्वारा उक्त अधिकारी के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :जी हाँ। छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड, नवा रायपुर अटल नगर के आदेश क्रमांक/9110/सी.जी.एम.एस.सी.लिमि./प्र.सं./N-ADM-292/2022, दिनांक 03.02.2022 के द्वारा श्री आकाश साहू, उप अभियंता, निर्माण संभाग को नियुक्ति शर्तों की कंडिका क्रमांक ''16'' के तहत् निगम द्वारा एक माह का अग्रिम वेतन देकर, उनकी सेवाएं को तत्काल प्रभाव से समाप्त करने संबंधी कार्यवाही की गई है।

जांजगीर चांपा जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा वेंटीलेटर की खरीदी

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

4. (*क्र. 13) श्री सौरभ सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चाम्पा जिले में वर्ष 2021 में स्वास्थ्य विभाग द्वारा किस-किस मद के अन्तर्गत प्राप्त राशि से किस-किस कम्पनी का वेंटिलेटर कब-कब खरीदा गया हैं ? **(ख)** खरीदी की गई एजेंसी का नाम एवं किये गये भुगतान की जानकारी देवें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''**पर दर्शित है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''**पर दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीन"]

कोविड 19 उपचार में आयुष्मान योजनांर्गत ईलाज

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

5. (*क्र. 203) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोविड 19 उपचार में 1 मार्च, 2021 से 31 जनवरी, 2022 तक आयुष्मान योजना के तहत रायपुर, बिलासपुर, गौरेला पेंड्रा मरवाही एवं दुर्ग जिले के कितने निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों का इलाज किया गया है? अस्पताल वार मरीजों की संख्या बताएं? **(ख)** उक्त अवधि में कितने निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत कोरोना मरीजों का ईलाज नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है? इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी है? **(ग)** उक्त अवधि में विभाग के पास छत्तीसगढ़ के कितने निजी अस्पतालों की कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं? इनमें से कितनी शिकायतों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही हुई है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) प्रश्नांकित अवधि में आयुष्मान प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत रायपुर, बिलासपुर एवं दुर्ग जिले के 92 निजी अस्पतालों में कोरोना ईलाज किया गया, गौरेला पेंड्रा मरवाही में जानकारी निरंक है। अपस्ताल वार मरीजों की संख्या **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार। **(ख)** प्रश्नांकित अवधि में 02 निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत कोरोना मरीजों का ईलाज नही किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है। इन शिकायतों पर की गई कार्यवाही **संलग्न प्रपत्र ''ब''**अनुसार। **(ग)** प्रश्नांकित अवधि में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत पंजीकृत 09 निजी अस्पतालों की 13 शिकायतें प्राप्त हुई। इन शिकायतों पर अस्पतालवार की गई कार्यवाही की जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''स''**अनुसार।
[संलग्न "परिशिष्ट - चार"]

प्रदेश में राजकीय विश्वविद्यालयों में कक्षा प्रारंभ व परीक्षा आयोजन के दिशा-निर्देश

[उच्च शिक्षा]

6. (*क्र. 375) श्री अजय चन्द्राकर : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दिनांक 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में प्रदेश के सभी राजकीय विश्वविद्यालय में कक्षा प्रारंभ करने तथा परीक्षा आयोजित करने के संबंध में कोई निर्देश दिया गया है? यदि हां तो क्या दिया गया है? यदि नहीं तो इसके संबंध में कैसे संचालन किया जा रहा है? **(ख)** क्या वर्तमान पाठ्यक्रम में किसी प्रकार की कटौती की गयी या की जाने वाली है? यदि हां तो उसका आधार क्या है और उसके लिये क्या प्रक्रिया अपनायी गयी है? तथा कितना प्रतिशत कटौती की गयी है या की जाने वाली है? **(ग)** राजकीय विश्वविद्यालय अंतर्गत कुल कितने विद्यार्थी अध्ययनरत् हैं? तथा इनमें से कितने विद्यार्थी ऑनलाईन शिक्षा में शामिल हुये, एवं की गयी मॉनिटरिंग का परिणाम क्या रहा? तथा यह परिणाम किस आधार पर तय किया गया हैं?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जी हां। जानकारी **प्रपत्र पर संलग्न** है।**(ख)** पाठ्यक्रम में किसी प्रकार की कटौती नहीं की गई है।**(ग)** राजकीय विश्वविद्यालय अंतर्गत 3,67,099 विद्यार्थी अध्ययनरत् है। ऑनलाईन शिक्षा में शामिल विद्यार्थियों की संख्या दिया जाना संभव नहीं है। मॉनिटरिंग के परिणामस्वरूप ऑनलाईन कक्षाओं का आयोजन सुनिश्चित किया गया। परिणाम संस्था स्तर की संकलित जानकारी के आधार पर तय किया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - पाँच"]

जिला कोरिया मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना से स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

7. (*क्र. 801) श्री गुलाब कमरो : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोरिया जिले को कितने कार्यों की स्वीकृति एवं आबंटन जारी किया गया तथा उक्त कार्यों में से कितने कार्य पूर्ण एवं प्रगतिरत हैं ? **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यों की राशि निर्माण एजेंसी को जारी की गई है अथवा नहीं यदि राशि जारी नहीं की गई है तो इसके क्या कारण हैं ? **(ग)** उक्त स्वीकृत कार्यों की राशि कब तक जारी की जायेगी ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) मुख्यमंत्री समग्र विकास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 में कोरिया जिले को 61 कार्यों की स्वीकृति एवं राशि रूपये 246.28 लाख का आबंटन जारी किया गया तथा उक्त कार्यों में से 8 कार्य पूर्ण एवं प्रगतिरत **निरंक** है। **(ख)** उक्त स्वीकृत कार्यो की राशि निर्माण एजेंसी को जारी करने के संबंध में छ.ग.शासन, वित्त विभाग के पत्र क्रमांक 457 दिनांक 20/07/2021 के द्वारा मुख्य सचिव, छ.ग.शासन की अध्यक्षता में गठित समिति से सहमति के संबंध में कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** समिति से सहमति/स्वीकृति प्राप्ति उपरांत राशि जारी की जा सकेगी।

कंटिनजेंसी की राशि का उपयोग तथा निवेश

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

8. (*क्र. 1148) श्री शिवरतन शर्मा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मे निर्माण कार्य में कंटिनजेंसी (आकस्मिक निधी) काटने के क्या नियम है? शासन द्वारा समय-समय पर क्या दिशा-निर्देश जिला पंचायतों को जारी किये गये हैं? **(ख)** उक्त राशि का किन-किन कार्यो हेतु उपयोग किया जा सकता है तथा वर्तमान में किस-किस कार्यो में किया गया है? **(ग)** प्रदेश में विभाग के पास किस-किस जिले में इस मद में कितनी कितनी राशि जमा है? **(घ)** क्या उक्त राशि व इससे प्राप्त ब्याज की राशि से शासन की कोई विशेष कार्य कराने की कार्ययोजना है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा में निर्माण कार्य में कंटिनजेंसी (आकस्मिक निधि) काटने के संबंध में कोई नियम नहीं है। शासन द्वारा पत्र क्रमांक 645/186/22/वि-3/ग्रायासे/2010 रायपुर दिनांक 12.05.2011, पत्र क्रमांक 2980/892/22/वि-3/ग्रायांसे/2012, रायपुर दिनांक 04.05.2013 एवं आदेश क्रमांक 2085/4246/तक/ग्रायांसे/2020, रायपुर दिनांक 21.07.2020 शासन द्वारा समय-समय पर जारी**संलग्न''प्रपत्र''**पर है।**(ख)** उक्त राशि का निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन के समय निरीक्षण पर होने वाला व्यय, निरीक्षण एवं माप लेते समय/सर्वेक्षण करते समय लगाये जाने वाले आकस्मिक श्रमिकों की मजदूरी इत्यादि की भुगतान में किया जा सकता है। **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(घ)** वर्तमान में कोई योजना नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छः"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत मनरेगा के तहत स्वीकृत कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

9. (*क्र. 1092) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**जिला रायगढ़ अंतर्गत वर्ष 2019 से जनवरी 2020 तक की स्थिति में किन-किन विकासखंडों में मनरेगा से कितने कार्यों के लिए कितनी राशि स्वीकृत की गई ? **(ख)**स्वीकृत कार्य में कितने कार्य प्रारंभ किए गए हैं कितने का अप्रारंभ है

वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)**स्वीकृत कार्यों को कितनी राशि का भुगतान किया गया है कितनी राशि का भुगतान हेतु शेष है,कब तक भुगतान पूर्ण कर लिए जाएंगे?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** स्वीकृत कार्यो मे राशि रू. 10245.25 लाख का भुगतान किया गया है। मजदूरी भुगतान शेष नही है तथा लंबित सामग्री भुगतान राशि रू. 320.54 लाख का भारत सरकार से आबंटन प्राप्त होने पर पूर्ण किया जावेगा।

[संलग्न "परिशिष्ट - सात"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर में स्थापित औद्योगिक कंपनी आर.के.एम. एवं डी.बी. पावर प्लांट के संबंध में

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (*क्र. 1041) श्री रामकुमार यादव : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक कंपनी आर.के.एम., उचपिंडा एवं डी.बी. पावर प्लांट, बाड़ादहरा-टुण्डरी में स्थानीय क्षेत्र के कितने नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? **(ख)** क्या यह सही है कि कंपनियों के स्थापना के समय जन सुनवाई के दौरान यह कहा गया था कि अधिग्रहित क्षेत्र के आस-पास के ग्रामीणों की सुविधा हेतु अस्पताल व स्कूल खोले जाएंगे ? यदि हाँ तो क्या इन कंपनियों के द्वारा अस्पताल व स्कूल खोले गए हैं ? यदि हॉ तो किन स्थानों पर और यदि नहीं तो क्यों ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत औद्योगिक कंपनी आर.के.एम. उचपिंडा द्वारा 1541 एवं डी.बी. पावर प्लांट, बाड़ादहरा-टुण्डरी द्वारा 1088 स्थानीय क्षेत्र के नागरिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। **(ख)** प्रश्नांश ख के संबंध में जानकारी निम्नानुसार हैः- 1. मेसर्स डी.बी.पावर लिमिटेड के द्वारा ग्राम बाड़ादहरा-टुण्डरी में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र का निर्माण एवं संचालन, ग्राम बांसमुड़ा में प्राथमिक पाठशाला का निर्माण, संयंत्र के समीपवर्ती गांव के 3 स्कूलों में स्मार्ट क्लास के संचालन हेतु उपकरणों की व्यवस्था, स्कूलों में फर्नीचर की व्यवस्था, बाउंड्रीवॉल का निर्माण, शौचालय निर्माण के कार्य कराये गये है। 2. मेसर्स आर.के.एम.पावर जेन. द्वारा परियोजना से प्रभावित आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों को स्वास्थ्यगत सुविधा का लाभ प्रदान करने हेतु व्यवसायिक स्वास्थ्य केन्द्र(ओ.एच.सी.) के माध्यम से सेवा प्रदान किया जा रहा है एवं साथ ही साथ आसपास के क्षेत्र एवं ग्रामवासियों के "शिक्षा विकास हेतु ग्राम-बांधापाली में प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवन का नवनिर्माण कर "शिक्षा विभाग को हस्तांतरित किया गया है, जिसका संचालन स्कूल-"शिक्षा विभाग द्वारा किया जा रहा है।

आयुष्मान योजना के तहत निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों का इलाज

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

11. (*क्र. 1174) डॉ. विनय जायसवाल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कोविड 19 उपचार में 1 मार्च, 2021 से 31 जनवरी, 2022 तक आयुष्मान योजना के तहत मनेन्द्रगढ़ - चिरमिरी - भरतपुर के कितने निजी अस्पतालों में कोरोना मरीजों का इलाज किया गया है? अस्पताल वार मरीजों की संख्या बताएं। **(ख)** उक्त अवधि में उपरोक्त में निजी अस्पतालों में आयुष्मान योजना के तहत कोरोना मरीजों का ईलाज नहीं किये जाने की शिकायत प्राप्त हुई है? यदि हां तो इन शिकायतों पर क्या कार्यवाही की गयी है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत एक निजी अस्पताल (नेत्र रोग उपचार हेतु) पंजीकृत है एवं इसके द्वारा कोविड-19 संक्रमित किसी भी मरीज का उपचार नहीं किया गया है। इस अस्पताल के अतिरिक्त कोई भी निजी अस्पताल योजनांतर्गत पंजीकृत नहीं है। **(ख)** प्रश्न उत्पन्न नहीं होता है।

बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में प्राध्यापकों ,सहायक प्राध्यापकों व चिकित्सा विशेषज्ञों के स्वीकृत, रिक्त व भरे पद

[चिकित्सा शिक्षा]

12. (*क्र. 1163) श्री बघेल लखेश्वर : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में स्थित शासकीय मेडिकल कॉलेज में इस समय प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों व चिकित्सा विशेषज्ञों के स्वीकृत, रिक्त व भरे पदों की स्थिति क्या है ? यह जानकारी 01 अप्रैल 2021 व 31 जनवरी 2022 की स्थिति में बतावें ? **(ख)** कृपया बतावें कि रिक्त पदों की पूर्ति हेतु क्या विभाग की कोई कार्ययोजना है ? यदि हां तो यह कब तक पूरी हो जावेगी?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में स्थित मेडिकल कॉलेज स्व.श्री बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर एवं शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांकेर में प्राध्यापको, सहायक प्राध्यापको व चिकित्सा विशेषज्ञों के स्वीकृत रिक्त व भरे पदों की जानकारी 01 अप्रैल 2021 व 31 जनवरी 2022 की स्थिति में **प्रपत्रसंलग्न** है।**(ख)** रिक्त पदों पर भर्ती हेतु स्व.श्री बलीराम कश्यप स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय, जगदलपुर के द्वारा प्रत्येक माह के 30 तारीख को वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित कर संविदा नियुक्ति की प्रक्रिया की जा रही है तथा नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, कांकेर में चिकित्सकों की भर्ती हेतु प्रक्रिया लोक सेवा आयोग, छत्तीसगढ़ के माध्यम से की जा रही है। भर्ती पूर्ण करने हेतु तय समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - आठ"]

जिला जांजगीर चाम्पा में संचालित देशी एवं विदेशी शराब दुकान

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

13. (*क्र. 1145) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला जांजगीर चाम्पा में कहां-कहां पर देशी एवं विदेशी शराब दुकान संचालित हैं, विकासखण्डवार, मदिरा दुकानवार, बतायें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" के अनुसार उपरोक्त मदिरा दुकान में किस प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कर्मचारी नियुक्ति किये गये हैं, बतायें ? **(ग)** उक्त प्लेसमेंट एजेंसी को राज्य शासन द्वारा कर्मचारियों के भुगतान हेतु कितनी राशि दी जाती है और उक्त कर्मचारियों को प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा कितना राशि दी जाती है ? **(घ)** क्या जिला जांजगीर चाम्पा के देशी एवं विदेशी शराब दुकान से मात्रा से अधिक मात्रा में शराब देने की शिकायत प्राप्त हुई है, यदि हां तो वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में 10 फरवरी, 2022 तक का विवरण बतायें ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) जिला जांजगीर-चांपा में संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों की विकासखण्डवार मदिरा दुकानवार की जानकारी**संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(ख)** जिला जांजगीर-चांपा में देशी/विदेशी मदिरा दुकानों में प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर साल्यूशन प्रा.लि. एवं सुरक्षाकर्मी, सिक्यूरिटी इंटीलिजेंट सर्विसेस एजेंसी (एस.आई.एस.) के माध्यम से कर्मचारी नियुक्त किये गये है। **(ग)** उक्त प्लेसमेंट एजेंसी को राज्य शासन के द्वारा कोई भुगतान नहीं किया जाता है। संबंधित प्लेसमेंट एजेंसी को छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड के द्वारा भुगतान किया जाता है। छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कारपोरेशन लिमिटेड के द्वारा प्लेसमेंट एजेंसी को एवं प्लेसमेंट एजेंसी के द्वारा देशी/विदेशी मदिरा दुकानों में कार्यरत् कर्मचारियों को मासिक भुगतान की पदवार जानकारी**संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है। **(घ)** जिला जांजगीर-चांपा में संचालित देशी/विदेशी मदिरा दुकानों से मात्रा से अधिक मात्रा में शराब देने की वर्ष 2020-21 में 02 शिकायत एवं 2021-22 में 10 फरवरी, 2022 तक 02 शिकायत प्राप्त हुई है। प्राप्त शिकायतों की जांच किये जाने पर शिकायत सहीं नहीं पाई गई।
[संलग्न "परिशिष्ट - नौ"]

कालातीत दवाइयों और मेडिकल वेस्ट की डिस्पोजल इकाई

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

14. (*क्र. 1170) श्री विनय कुमार भगत : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या यह सत्य है कि प्रदेश के सभी जिला चिकित्सालयों में कालातीत दवाइयों और मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल की इकाई कार्यशील है? **(ख)** क्या जशपुर जिले में प्रश्नांकित इकाई की स्थापना प्रस्तावित है? **(ग)** यदि हां, तो इसे कब तक

कार्यशील कर दिया जायेगा? **(घ)** यदि नहीं, तो विभाग के द्वारा कालातीत दवाइयों और मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल के लिए क्या वैकल्पिक व्यवस्था की गई है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जी हाँ। **(ख)** जी हाँ, जशपुर जिले में इकाई स्थापित है। **(ग)** निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(घ)** बायोमेडिकल वेस्ट का डिस्पोजल डीप पीट एवं शर्प पीट के माध्यम से किया जा रहा है एवं छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेस कार्पोरेशन लिमिटेड छ.ग. कालातीत हुई दवाईयों के डिस्पोजल के लिए निविदा कर, मेडिकल वेस्ट के डिस्पोजल इकाई से अनुबंध कर कालातीत दवाईयों की डिस्पोजल करती है।

जिला मुख्यालय जांजगीर में मेडिकल कॉलेज खोला जाना

[चिकित्सा शिक्षा]

15. (*क्र. 1098) श्री नारायण चंदेल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या जांजगीर-चाम्पा जिले के जिला मुख्यालय जांजगीर में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने का घोषणा की गयी थी? यदि हां, तो उस पर क्या-क्या कार्यवाही की गयी है/की जा रही है? **(ख)** कब तक जिला मुख्यालय जांजगीर में मेडिकल कॉलेज की स्थापना की जायेगी ? **(ग)** प्रश्न 'क' व 'ख' के संदर्भ में जिला मुख्यालय जांजगीर में वर्तमान में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये जाने की विधिसम्मत कार्यवाही व नियमतः प्रक्रिया की क्या स्थिति है ? इसे प्रारंभ करने की निश्चित समयावधि क्या है? **(घ)** उक्त मेडिकल कॉलेज हेतु किस जमीन व कितनी जमीन को आरक्षित किया गया है? इसका रकबा व खसरा नम्बर क्या है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) हां, कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।**(ख)** निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।**(ग)** नियमतः प्रक्रिया हेतु छ.ग. शासन चिकित्सा शिक्षा विभाग मंत्रालय नवा रायपुर केपत्र क्र. 77/ R-69/2021/09/55-4 दिनांक 08.01.2022, पत्र क्र. एफ 6-16/2021/55-4 दिनांक 24.02.2021, दिनांक 01.07.2021 एवं दिनांक 17.02.2022 को25 एकड़ भूमि आबंटन हेतु कलेक्टर जांजगीर-चांपा को लेख किया गया है।मेडिकल कॉलेज प्रारंभ करने की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नही है।**(घ)** वर्तमान में मेडिकल कॉलेज हेतु जमीन आरक्षित नहीं है। शेष प्रश्न उद्भूत नहींहोता।

रायगढ़ मेडिकल कॉलेज का भवन निर्माण एवं अन्य निर्माण कार्य

[चिकित्सा शिक्षा]

16. (*क्र. 765) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ में स्थित मेडिकल कॉलेज भवन निर्माण एवं अन्य कार्यों हेतु प्रशासकीय स्वीकृति कितनी-कितनी लागत से कब-कब जारी की गई? निर्माण एजेंसी सहित कार्यवार एवं लागतवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत निर्माण कार्य पूर्णता की तिथि क्या है ? वर्तमान में भवन निर्माण एवं अन्य कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है ? **(ग)** प्रश्न 'ख' अनुसार भवन व अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में न किये जाने से, संबंधित एजेंसी के विरूद्ध क्या कार्यवाही की गई है? कब तक भवन व अन्य निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए जावेंगे ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) रायगढ़ में मेडिकल कॉलेज भवन का निर्माण लोक निर्माण विभाग द्वारा कराया जा रहाहै। शेष जानकारी **प्रपत्र'अ' पर संलग्न** है।**(ख)** प्रश्नांश **(ख)** की जानकारी **प्रपत्र'ब' पर संलग्न** है।**(ग)** वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण चिकित्सालय भवन को कोविड अस्पताल बनायागया था, जिसके कारण निर्माण कार्य की प्रगति प्रभावित हुई। भवन व अन्य निर्माणकार्य पूर्ण होने की जानकारी **प्रपत्र'स' पर संलग्न** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - दस"]

छत्तीसगढ़ में शराब बिक्री से आय

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

17. (*क्र. 788) श्री किस्मत लाल नन्द : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- छत्तीसगढ़ में 1 जनवरी, 2021 से 31 दिसंबर, 2021 तक अंग्रेजी शराब की कितनी बिक्री हुई एवं उससे कितनी आय प्राप्त हुई?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : छत्तीसगढ़ में 01 जनवरी, 2021 से 31 दिसम्बर, 2021 तक 2,36,20,864 (दो करोड़ छत्तीस लाख बीस हजार आठ सौ चौसठ) प्रुफ लीटर विदेशी मदिरा (स्प्रिट) तथा 1,68,10,379 (एक करोड़ अड़सठ लाख दस हजार तीन सौ उन्यासी) बल्क लीटर विदेशी मदिरा (माल्ट) की बिक्री हुई एवं उससे 1809,26,93,022 (एक हजार आठ सौ नौ करोड़ छब्बीस लाख तिरान्वें हजार बाईस) रूपये का आय प्राप्त हुआ है।

प्रदेश में प्रधानमंत्री योजनांतर्गत आवास

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (*क्र. 1066) श्री अरुण वोरा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** प्रदेश में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में कितने प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए? जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी दें ? **(ख)** इनमें से कितने पूर्ण एवं कितने अपूर्ण हैं? **(ग)** दुर्ग जिले में प्रधानमंत्री आवास में कितने आवास के मजदूरी का भुगतान किया गया एवं कितने आवास की मजदूरी भुगतान हेतु लंबित है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण की जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में दर्शित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) की जिलेवार एवं वर्षवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** में दर्शित है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण पूर्ण एवं अपूर्ण आवास की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में दर्शित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्ण एवं अपूर्ण आवास की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** में दर्शित है। **(ग)** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-स''** में दर्शित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) पूर्ण एवं अपूर्ण आवास की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-द''** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - ग्यारह"]

कस्टम मिलिंग में जी.एस.टी.

[वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.)]

19. (*क्र. 1152) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** कस्टम मिलिंग में सर्विस टैक्स कब से लागू किया गया था ? किस नियम/धारा के तहत राज्य शासन ने कस्टम मिलिंग में जी.एस.टी. कब से लागू की? **(ख)** वर्ष 2019-20, 2020-21 व 2021-22 में जनवरी, 2022 तक कितनी जी.एस.टी. राशि की कटौती मिलर के बिल से या किसी अन्य प्रकार से की गई है ? कटौती की कुल जी.एस.टी. की राशि कितनी है ? **(ग)** कितनी राशि का भुगतान मार्कफेड ने जी.एस.टी. के रूप में जी.एस.टी. विभाग को किया है ? अगर भुगतान नहीं हुआ है तो क्या यह राशि मिलर को वापस की जायेगी ?, नहीं तो क्यों ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जी.एस.टी. कौंसिल द्वारा किसी वस्तु पर कर की दर या कौन सी वस्तु शामिल होगा का निर्धारण किया जाता है। जी.एस.टी. कौंसिल के निर्णय अनुसार छ0ग0 माल और सेवा कर अधिनियम दिनांक 01.07.2017 से अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (i) के अधीन लागू किया गया है। **(ख)** जी.एस.टी. की कटौती राशि वर्ष 2019-20 में 3.31 करोड़, वर्ष 2020-21 में 3.98 करोड़ व वर्ष 2021-22 (31 जनवरी, 2022 तक) में 3.79 करोड़ है। कटौती की कुल जी.एस.टी. राशि 11.08 करोड़ है।**(ग)** मार्कफेड द्वारा वर्ष 2019-20 से 31 जनवरी 2022 तक राशि रूपये 11.08 करोड़ का भुगतान जीएसटी के रूप में जीएसटी विभाग को किया गया है। भुगतान हेतु जीएसटी की राशि शेष नहीं है। अतः शेष कार्यवाही निरंक है।

15वें वित्त तथा अन्य मदों की राशि से वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 में गैर पारंपरिक ऊर्जा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु सामग्रियों का क्रय

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

20. (*क्र. 1155) श्री अमितेश शुक्ल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गरियाबंद जिले में पंचायतों के माध्यम से 15वें वित्त तथा अन्य मदों की राशि से वर्ष 2020-21 एवं वर्ष 2021-22 में कितनी-कितनी राशि गैर पारंपरिक ऊर्जा योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु आवश्यक उपकरणों के क्रय में खर्च की गई है ? प्रदायकर्ता फर्म के नाम-पते सहित विस्तृत ब्यौरा देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत गैर पारंपरिक ऊर्जा उपकरणों के क्रय में क्या शासन के निर्देशों का पालन किया गया है ? नहीं तो क्यों ? **(ग)** कंडिका ''क'' के तहत क्रय किये गये गैर

पारंपरिक ऊर्जा उपकरणों की गुणवत्ता परीक्षण तथा भौतिक सत्यापन किसके द्वारा किया गया ? क्या गुणवत्ता परीक्षण तथा भौतिक सत्यापन के आधार पर राशि का भुगतान किया गया है ? यदि नहीं तो क्यों ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जी नहीं। संबंधित सचिव द्वारा छ.ग. पंचायत (सामग्री तथा माल का क्रय) नियम 2013 की समुचित जानकारी नहीं होने कारण निर्देशों के पालन में चूक किया गया है। **(ग)** किसी से नहीं कराया गया है। जी नहीं। संबंधित सचिव के द्वारा नियमों की अनभिज्ञता के कारण बिना गुणवत्ता परीक्षण तथा भौतिक सत्यापन कराये ही राशि का भुगतान किया गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बारह"]

उद्योग विभाग में कार्यरत सलाहकार फर्म को भुगतान राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

21. (*क्र. 810) श्री ननकी राम कंवर : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** अर्नेस्ट एण्ड यंग फर्म, उद्योग विभाग में किस सलाहकार/ अन्य कार्य के रूप में कब से कार्यरत/ संबद्ध है? उक्त फर्म को विगत 03 वर्षों में कौन-कौन से कार्य की जिम्मेदारी दी गई एवं फर्म के द्वारा कौन-कौन से कार्य संपादित किए गए? **(ख)** प्रश्नांश "क" की संस्था को उक्त अवधि में उपरोक्त संपादित किन-किन कार्यों के लिए तथा कंसल्टेंसी शुल्क का कितना-कितना भुगतान किस किस मद से किया गया तथा अन्य क्या क्या सुविधाएं उपलब्ध कराई गई ? वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** उक्त संस्थान के कार्यों से राज्य शासन को वर्तमान तक कितनी राशि का फायदा हुआ एवं इन्वेस्टमेंट राज्य को प्राप्त हुआ है? **(घ)** प्रश्नांश "क" की संस्था द्वारा क्या राज्य में मानव संसाधन भी नियोजित किए गए हैं ? यदि हॉ तो इनमें से छत्तीसगढ़ राज्य के कितने मूल निवासी अधिकारी /कर्मचारी हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) अर्नेस्ट एण्ड यंग फर्म, उद्योग विभाग में जून 2014 से ''छत्तीसगढ़ में इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग एवं प्रोजेक्ट आईडेन्टिफिकेशन, ट्रांजेक्शन एडवाईजरी एण्ड इन्वेस्टमेंट प्रमोशन'' के तहत कंसल्टेंसी सर्विस प्रदान कर रहे है। विगत 3 वर्षों में फर्म के द्वारा संपादित किए गए कार्यों की जानकारी**संलग्न प्रपत्र**के कॉलम -3 पर दर्शित है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' की संस्था को उक्त अवधि में संपादित किए गए कार्यों के लिए मद क्रमांक 9283 प्रतियोगिताएं, संगोष्ठियां, प्रदर्शनियां तथा प्रचार मद के अंतर्गत किए गए भुगतान की जानकारी वर्षवार **संलग्नप्रपत्र**के कॉलम-4 पर दर्शित है। प्रश्नांश ''क'' की संस्था को अन्य कोई सुविधायें उपलब्ध नहीं करायी गयी है।**(ग)**अर्नेस्ट एण्ड यंग फर्म सलाहकार के रूप में कार्यरत है। उनका कार्य मुख्य रूप से औद्योगिक प्रमोशन, ईज ऑफ डूईंग बिजनेस एवं स्टार्टअप के क्षेत्र में विभाग को समय-समय पर सलाह देना है, जो कि राज्य में निवेश एवं विभिन्न कार्यो के सरलीकरण एवं नीतियों के अनुपालन तथा निवेशकों के साथ समय-समय पर निवेश संबंधी चर्चा करने के संबंध में प्रस्तुतिकरण तैयार करना तथा एक सेतु के रूप में कार्य करना होता है। नीति संबंधी सलाह से हुई उपलब्धियों को राशि के रूप में प्रदर्शित किया जाना संभव नहीं है। राज्य में पिछले 3 वर्षे में निवेशों में समग्र रूप से शासन का प्रयास होता है तथा इसी प्रयास में सलाहकार भी अपनी भूमिका निभाते हैं।**(घ)**जी हाँ, अर्नेस्ट एण्ड यंग फर्म संस्था द्वारा मानव संसाधन कंसल्टेंट के रूप में नियोजित किए गए हैं। विगत 3 वर्षों में कार्यरत कुल 10 कंसल्टेंट में से निम्न 07 कंसल्टेंट छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासी हैं

क्र.	नाम	पद
1	श्री पारितोष बागड़ीकर	सिनियर कंसल्टेंट
2	श्रीमती नमिता राम	सिनियर कंसल्टेंट
3	श्री सौरभ अग्रवाल	कंसल्टेंट
4	श्री प्रशांत दुबे	सिनियर कंसल्टेंट
5	श्री आशिष मोडक	कंसल्टेंट
6	श्री शिवजीत सिंह राजपूत	कंसल्टेंट
7	श्री आशिष कुलश्रेष्ट	सिनियर कंसल्टेंट

[संलग्न "परिशिष्ट - तेरह"]

रेल कारीडोर निर्माण एवं प्रावधानित राशि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

22. (*क्र. 556) डॉ. रमन सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** पीपीपी मोड में रेल्वे, राज्य सरकार एवं पी.एस.यू. कंपनियों की भागीदारी से कुल कितने रेल कारीडोर किन-किन जिलों में निर्माणाधीन हैं, इनमें से रेल कारीडोर हेतु कितनी राशि प्रावधानित है? **(ख)** प्रदेश में निर्माणाधीन रेल कारीडोर कितने प्रतिशत पूर्ण हो चुके हैं और अपूर्ण कार्य कब तक पूर्ण करने की योजना है? **(ग)** प्रदेश में कुल कितने किमी रेल लाइन का अब तक निर्माण हुआ है, यह निर्माण किन-किन वर्षो में हुआ है? वर्षवार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) कुल 06 रेल कारीडोर क्रमशः रायगढ़, कोरबा, गौरेला-पेण्ड्रा, कबीरधाम, राजनांदगांव, बस्तर, कोण्डागांव, कांकेर, नारायणपुर, कोरिया एवं बालोद जिले में निर्माणाधीन है। इनमें रेल कारीडोर हेतु राशि रूपये 19956.80 करोड़ प्रावधानित हैं। **(ख)** खरसिया-धरमजयगढ़ 90.29 प्रतिशत, गेवरारोड- पेण्ड्रारोड 24.70 प्रतिशत एवं दल्लीराजहरा-रावघाट 72 प्रतिशत पूर्ण हो चुके है, जिनके क्रमशः 01.01.2025, 21.03.2023 एवं 31.12.2025 तक पूर्णतः का लक्ष्य है। शेष 03 कारीडोर में भू-अधिग्रहण एवं वन भूमि व्यपवर्तन की कार्यवाही प्रचलन में है। निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नही है।**(ग)** वर्तमान तक कुल 146.392 कि.मी. निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है। वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र**पर है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौदह"]

बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना से घायल एवं मृतक

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

23. (*क्र. 1176) श्री आशीष कुमार छाबड़ा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- (क) बेमेतरा जिले में वर्ष 2021-22 में सड़क दुर्घटना में घायल एवं मृत व्यक्तियों से संबंधित प्रकरण जिला चिकित्सालय बेमेतरा में लाए गए ? (ख) प्रश्नांश "क"अंतर्गत सड़क दुर्घटना में घायल कितने मरीजों को जिला चिकित्सालय, बेमेतरा से रेफर किया गया तथा रेफर करने का क्या कारण रहा ? (ग) प्रश्नांश "क" अंतर्गत बेमेतरा जिले में ट्रामा यूनिट की स्थापना हेतु शासन द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं, जानकारी देवे ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) सड़क दुर्घटना में घायल/मृत व्यक्तियों को जिला चिकित्सालय बेमेतरा लाया जाता है। **(ख)** वर्ष 2021-22 में 245 घायल मरीजों को रेफर किया गया। मरीजों की गंभीर स्थिति को देखते हुए विशेषज्ञ सेवा हेतु रेफर किया जाता है। **(ग)** जिला चिकित्सालय बेमेतरा में ट्रामा सेन्टर स्थापना हेतु वित्तीय वर्ष 2022-23 की राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रस्तावित कार्ययोजना में सम्मिलित किया गया है।

बसना व पिथौरा वि. खं. में संचालित शा. महाविद्यालय

[उच्च शिक्षा]

24. (*क्र. 1130) श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बसना एवं पिथौरा वि.खं. में कितने शासकीय महाविद्यालय संचालित है? **(ख)** क्या उपरोक्त महाविद्यालयों के स्वयं का शासकीय भवन हैं? **(ग)** उक्त शासकीय महाविद्यालयों में व्याख्याताओं के कितने स्वीकृत पद है तथा कितने रिक्त हैं?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) बसना एवं पिथौरा वि.खं. में निम्नलिखित 03 शासकीय महाविद्यालय संचालित है:-1. शासकीय चन्द्रपाल डड़सेना महाविद्यालय पिथौरा जिला महासमुंद2. शासकीय स्व. श्री जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना जिला महासमुंद3. शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा जिला महासमुंद**(ख)** 02 शासकीय महाविद्यालयों का स्वयं का शासकीय भवन है। शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा का स्वयं का भवन नहीं है।**(ग)** उक्त शासकीय महाविद्यालयों में व्याख्याताओं के पद स्वीकृत नहीं है।

<u>प्रदेश में संचालित शराब दुकान व बार</u>

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

25. (*क्र. 1131) श्री धरम लाल कौशिक : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्तमान वित्तीय वर्ष तक सरकार द्वारा मदिरा से कितना राजस्व कर, उपकर (सेस) बजट में अनुमानित किया गया था व कितना प्राप्त हुआ ? वर्षवार जानकारी देवें? **(ख)** प्रश्नांश 'क' अवधि में विभाग द्वारा कितनी व किस प्रकार की मदिरा दुकान बंद की गई है तथा कितने बारों को लायसेंस दिया गया है व कितनी प्रीमियम दुकानें खोली गई हैं? जिलेवार व वर्षवार जानकारी देंवे। **(ग)** राज्य सरकार द्वारा आत्मसात जन घोषणा पत्र 2018 में की गई घोषणानुसार शराब बंदी कब की जावेगी व अभी तक इस दिशा में क्या-क्या कार्यवाही की गई है? इस हेतु बनाई गई समितियों के द्वारा क्या-क्या अनुशंसाएं कब-कब दी गई है व कब-कब बैठकें हुई और कौन-कौन सदस्य उपस्थित थे और कौन-कौन सदस्य बैठकों में शामिल नही हुए?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्तमान वित्तीय वर्ष तक आबकारी विभाग द्वारा मदिरा से राजस्व कर, उपकर (सेस) हेतु बजट अनुमान एवं प्राप्त राजस्व की जानकारी संलग्न **प्रपत्र-अ** अनुसार है।**(ख)** प्रश्नांश ''क'' अवधि में विभाग द्वारा बंद किये गये देशी व विदेशी मदिरा दुकानों की जिलेवार व वर्षवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र-ब** अनुसार है। बारों को दिये गये लायसेंस की वर्षवार, जिलेवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र-स** अनुसार है एवं खोली गई प्रीमियम दुकानों की वर्षवार, जिलेवार जानकारी संलग्न **प्रपत्र-द** अनुसार है।**(ग)** जनघोषणा पत्र वर्ष 2018 में की गई घोषणा अनुसार मंत्रि-परिषद की बैठक दिनांक 01.01.2019 में लिये गये निर्णय अनुसार राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू किये जाने के संबंध में अनुशंसा हेतु, ऐसे राज्य जहां पूर्व में शराबबंदी लागू की गई थी या वर्तमान में पूर्ण शराबबंदी लागू है,में शराबबंदी के फलस्वरूप उक्त राज्यों में आये आर्थिक, सामाजिक एवं व्यवहारिक प्रभाव का अध्ययन करने हेतु विभिन्न 3 समितियों क्रमशः राजनीतिक समिति, प्रशासनिक समिति एवं सामाजिक संगठनों की समिति का गठनकिया गया है। राज्य सरकार द्वारा शराबबंदी के अनुक्रम में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 50देशी व विदेशी मदिरा की दुकानों को बंद किया गया है तथा वित्तीय वर्ष 2020-21 में राज्य के 49 एफ.एल. 2 बीयर बार लायसेंस को स्थायी तौर पर समाप्त किया गया है।श्री सत्यनारायण शर्मा, माननीय विधायक, रायपुर ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र की अध्यक्षता में गठित राजनीतिक समिति की प्रथम बैठक दिनांक 19.08.2019 द्वितीय बैठक दिनांक 23.08.2021 सम्पन्न हुई है।सचिव, आबकारी की अध्यक्षता में गठित प्रशासनिक समिति की प्रथम बैठक दिनांक 09.10.2019 तथा द्वितीय बैठक दिनांक 15.11.2021 को सम्पन्न हुई है।सचिव, आबकारी विभाग के संयोजन में गठित सामाजिक समिति की प्रथम बैठक दिनांक 29.09.2021 सम्पन्न हो चुकी है।समितियों द्वारा अन्य राज्यों की आबकारी नीति का समग्र रूप से अध्ययन उपरांत उनकी रिपोर्ट राज्य शासन को प्रस्तुत की जावेगी, समितियों की अनुशंसानुसार राज्य में पूर्ण शराबबंदी लागू किये जाने के संबंध में यथेष्ठ निर्णय लिया जावेगा।समितियों की बैठकों में उपस्थित व अनुपस्थित सदस्यों की जानकारी संलग्न **प्रपत्र इ, ई, फ, य, र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पन्द्रह "]

भाग-2

नियम 46(2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रुप में परिवर्तित तारांकित प्रश्नोत्तर

अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में W.B.M सड़क निर्माण की मांग
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

1. (क्र. 14) श्री सौरभ सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- अकलतरा विधानसभा क्षेत्र में वर्ष 2020, 2021 और 2022 में दिनांक 1-2-2022 तक किन-किन ग्राम पंचायत और किन-किन जनप्रतिनिधियों द्वारा मनरेगा से कहां-कहां पर डब्ल्यू.बी. एम. सड़क निर्माण के लिए कब-कब मांग की गई है और उपरोक्त मांगों में से कितनी मांगों की स्वीकृति हुई है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : अकलतरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत वर्ष 2020 एवं 2022 मे डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण की मांग नही की गई है। वर्ष 2021 मे डब्ल्यू.बी.एम. सड़क निर्माण कार्य की मांग की जानकारी **संलग्न''प्रपत्र''** के अनुसार है। स्वीकृत कार्यो की संख्या **निरंक** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सोलह"]

दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों को अनुकम्पा नियुक्ति
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

2. (क्र. 207) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या दिवंगत पंचायत शिक्षकों (शिक्षाकर्मियों) के परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने के लिए शासन द्वारा नीति बनायी गयी है? **(ख)** क्या जुलाई, 2021 में अनुकम्पा नियुक्ति के निराकरण के लिए कमेटी का गठन किया गया था? यदि हाँ तो इस कमेटी की हुई बैठकों और उसमें लिए गए निर्णयों का विवरण दें? **(ग)** दिवंगत पंचायत शिक्षकों के परिजनों को योग्यतानुसार अनुकम्पा नियुक्ति कब तक प्रदान कर दी जायेगी?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जी हॉ। **(ख)** जी नहीं। सितम्बर, 2021 में हुई थी। समिति की हुई बैठकों और उसमें लिए गए निर्णयों पर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। **(ग)** समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

सीमेंट संयंत्रों द्वारा प्रदत्त रोजगार एवं मुआवजा
[वाणिज्य एवं उद्योग]

3. (क्र. 258) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** दुर्ग, रायपुर एवं बलौदाबाजार-भाटापारा में कितने सीमेंट संयंत्र कार्यरत हैं, उक्त संयंत्रों द्वारा कितने किसानों की कितनी जमीन अधिग्रहीत की गई है ? **(ख)** क्या उक्त किसानों को शासन द्वारा स्वीकृत दर अनुसार मुआवजे का भुगतान किया गया है एवं क्या आश्रित परिजनों को संयंत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? **(ग)** शासन द्वारा स्वीकृत दर अनुसार मुआवजे का भुगतान एवं रोजगार उपलब्ध नहीं किये जानेके संबंध में कितनी शिकायतें प्राप्त हुई हैं ? यदि हां तो उन पर क्या कार्यवाही की गई/ की जा रही है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) दुर्ग, रायपुर एवं बलौदाबाजार-भाटापारा में कुल 10 सीमेंट संयंत्र कार्यरत हैं। उक्त संयंत्रों में से केवल 04 सीमेंट संयंत्र हेतु कुल 597 किसानों की निजी भूमि अधिग्रहीत की गई है। विस्तृत विवरण **संलग्न प्रपत्र** पर दर्शित है।**(ख)** जी हां, प्रभावित किसानों को शासन द्वारा स्वीकृत दर अनुसार मुआवजा का भुगतान किया गया हैं। मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड ग्राम- रावन(ग्रासीम) तहसील-सिमगा द्वारा 38 किसानों के 30 आश्रित परिजनों को रोजगार एवं 08 किसानों को रोजगार के बदले राशि का भुगतान किया गया है। मेसर्स अंबुजा सीमेंट लिमिटेड, ग्राम-रवान, तहसील-बलौदाबाजार द्वारा 411 किसानों के 178 आश्रित परिजनों को एवं मेसर्स न्यूवोको विस्टटास कार्पोरेशन लिमिटेड (पूर्व नाम लाफार्ज इंडिया लि.) ग्राम-सोनाडीह, तहसील-बलौदाबाजार द्वारा 127 किसानों के 95 आश्रित परिजनों को संयंत्र में रोजगार उपलब्ध कराया गया है।मेसर्स जे.के.

लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड कंपनी हेतु अनिवार्य भू-अर्जन अधिनियम 1894 के तहत 21 किसानों को शासन द्वारा स्वीकृत दर अनुसार मुआवजा का भुगतान किया गया है। भू-अर्जन के समय भूमि अधिग्रहण के बदले किसी भी व्यक्ति को रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया है। **(ग)** बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के 3 सीमेंट संयंत्रों के संबंध में शासन द्वारा स्वीकृत दर अनुसार मुआवजे का भुगतान एवं रोजगार उपलब्ध नहीं किये जाने के संबंध में शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। दुर्ग जिले में स्थित मेसर्स जे.के. लक्ष्मी सीमेंट लिमिटेड, संयंत्र से प्रभावित 21 किसानों के आश्रित परिजनों को संयंत्र में रोजगार उपलब्ध नहीं कराया गया है। मुआवजे का भुगतान एवं रोजगार उपलब्ध नहीं किये जाने के संबंध में प्राप्त शिकायत निरंक है।

[संलग्न "परिशिष्ट - सत्रह"]

शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर रायपुर में ई-क्लास रूम और वाई-फाई की सुविधा

[उच्च शिक्षा]

4. (क्र. 259) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर रायपुर में वाई-फाई, ई-क्लास रूम स्मार्ट क्लास की व्यवस्था की गई है ? यदि हां तो किस तिथि से ? यदि नहीं तो क्यों ? **(ख)** प्रश्नांश "क" में उल्लेखित वाई-फाई, ई-क्लास रूम स्मार्ट क्लास की व्यवस्था नहीं है तो इस हेतु समुचित राशि कब तक आबंटित कर यह सुविधा कब से प्रारंभ करा दी जायेगी ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) वाई-फाई की व्यवस्था शासकीय कला एवं वाणिज्य कन्या महाविद्यालय, देवेन्द्र नगर रायपुर में वर्ष 2019-20 से की गई है। जिसका उन्नयन पिछले सत्र में किया गया है। ई-क्लास रूम, स्मार्ट क्लास की व्यवस्था नहीं की गई है।**(ख)** समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

बिलासपुर जिले के तिफरा, सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों को भूमि आवंटन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

5. (क्र. 286) श्री शैलेश पांडे : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर के तिफरा, सिरगिट्टी औद्योगिक क्षेत्र में किन -किन उद्योगों को उपयोग के लिए भूमि आबंटित की गई? कितने उद्योग स्थापित हुए और कितने नहीं हुए? **(ख)** क्या उद्योग स्थानांतरण हेतु शासन का कोई प्रावधान है? यदि हां तो कितने उद्योगों को आबंटन पश्चात स्थानांतरित किया गया?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) :(क) बिलासपुर के तिफरा-औद्योगिक क्षेत्र में 135 उद्योगों को भूमि आबंटित की गई है, जिसमें से 135 उद्योग स्थापित हुए हैं। सिरगिट्टी-औद्योगिक क्षेत्र में 418 उद्योगों को भूमि आबंटित की गई है, जिसमें से 405 उद्योग स्थापित हुए हैं तथा 13 उद्योग अब तक स्थापित नहीं हुए हैं। विस्तृत विवरण जानकारी**पुस्तकालय**में रखे-'प्रपत्र अ' पर दर्शित है। **(ख)** हां, छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम, 2015 के अध्याय-तीन की कंडिका क्रमांक 3.4 में आबंटित भूमि के हस्तांतरण/अंतरण का प्रावधान है। तिफरा-औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आबंटन के पश्चात् 42 उद्योगों को भूमि हस्तांतरित/अंतरित की गई है तथा सिरगिट्टी-औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आबंटन के पश्चात् 188 उद्योगों को भूमि हस्तांतरित/अंतरित की गई है। विस्तृत विवरण जानकारी**पुस्तकालय**में रखे प्रपत्र-'ब' पर दर्शित है।

बिलासपुर शहर में संचालित जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय के स्थापना एवं अधिग्रहण

[उच्च शिक्षा]

6. (क्र. 287) श्री शैलेश पांडे : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)**बिलासपुर शहर में संचालित जमुना प्रसाद वर्मा महाविद्यालय को कब स्थापित किया गया ? **(ख)**स्थापना के समय महाविद्यालय को ट्रस्ट द्वारा कितनी जमीन आबंटित की गई ? **(ग)** उक्त महाविद्यालय को शासन द्वारा कब अधिग्रहित किया गया? **(घ)**वर्तमान में महाविद्यालय के पास कितनी भूमि है ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) वर्ष 1944 में स्थापित किया गया।**(ख)** स्थापना के समय महाविद्यालय को

ट्रस्ट द्वारा 9.99 एकड़ जमीन आबंटित की गई।**(ग)** उक्त महाविद्यालय को शासन द्वारा 1972 में अधिग्रहित किया गया।**(घ)** ट्रस्ट द्वारा आबंटित कुल भूमि वर्तमान में भी महाविद्यालय के नाम पर है।

सेंचुरी सीमेंट बैकुंठ द्वारा अतिक्रमित भूमि

[वाणिज्य एवं उद्योग]

7. (क्र. 382) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के तन्डवा प.ह.न. 10 जिला-रायपुर के खसरा नम्बर 592 पर बैकुंठ नगर में स्थापित सेंचरी सीमेंट वर्कस द्वारा रेलपात का निर्माण कराया गया है ? यदि हाँ तो कब ? क्या इस हेतु ग्राम पंचायत से अनुमति प्राप्त की गयी थी, यदि हाँ तो कब ? **(ख)** क्या प्रश्नांश 'क' में उल्लेखित भूमि को अतिक्रमित भूमि होने के कारण भूमि छोड़ने का प्रस्ताव पारित कर शासन / सयंत्र को सूचित किया गया था ? यदि हां तो अद्यतन स्थिति से अवगत करावें। **(ग)** अतिक्रमण नहीं हटाने पर सयंत्र पर किन नियमों के तहत क्या कार्यवाही की गयी ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क)बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम तण्डवा प.ह.न. 10 तहसील तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 592 पर सेंचुरी सीमेंट वर्कस (वर्तमान नाम अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड यूनिट बैकुंठ) द्वारा कंपनी हेतु रेल लाईन का निर्माण किया गया है, जो उक्त खसरा नंबर से होकर गुजरता है। वर्तमान खसरा पांचसाला वर्ष 2021-22 में शासकीय भूमि के रूप में रास्ता मद में दर्ज है। वर्ष 1977 से रेल लाईन निर्माण का निर्माण किया गया है। ग्राम पंचायत से अनुमति संबंधी जानकारी अभिलेख उपलब्ध नहीं है।**(ख)** तहसीलदार तिल्दा नेवरा से प्राप्त जानकारी अनुसार खसरा नंबर 592 में वर्ष 1977 से अपने खसरा नंबर 589/1-3 का भाग, 591/1 का भाग, 594 का भाग, 595 का भाग, 612/3, 2,1 का भाग, 614, 615 का भाग, 615/1 का भाग, 619/2 का भाग, 619/1 का भाग, 620 के भाग को मिलाकर रेल लाईन एवं लाईम स्टोन की माईन्स का निर्माण किया जा चुका है।**(ग)** तहसीलदार तिल्दा नेवरा से प्राप्त जानकारी अनुसार भूमि खसरा नं. 592 का संपूर्ण रकबा 0.182 हेक्टेयर भूमि में किसी भी प्रकार के कोई शिकायत प्राप्त नहीं होने से अतिक्रमण संबंधी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई है।

पंचायत सचिवों का नियमितीकरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

8. (क्र. 464) श्री ननकी राम कंवर : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या वर्ष 2021 में प्रदेश के पंचायत सचिवों ने अपने नियमितीकरण को लेकर ब्लॉक मुख्यालय, जिला व प्रदेश स्तर पर हड़ताल की थी और उस हड़ताल को समाप्त कराने हेतु पंचायत सचिव पदाधिकारियों को मुख्यमंत्री निवास में बुलाकर 31 दिसम्बर, 2021 तक नियमितीकरण करने का आश्वासन दिया गया था? यदि हॉ तो कब तक नियमित किया जायेगा?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जी हॉ। कोई आश्वासन नहीं दिया गया था। प्रश्न ही उपस्थित नहीं होता।

केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना के संबंध में

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

9. (क्र. 557) डॉ. रमन सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** केन्द्र सरकार द्वारा संचालित आयुष्मान योजना अंतर्गत प्रदेश में दिनांक 10.02.2022 तक कुल कितने आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं एवं इस योजना से उपचार हेतु प्रति कार्ड अधिकतम कितनी राशि का प्रावधान है? **(ख)**आयुष्मान योजना अंतर्गत कुल कितनी बीमारियों को चिन्हांकित किया गया है एवं कार्ड बनाने की अर्हताएं क्या है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आयोग्य डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत प्रदेश में कुल 42,93,483 आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। योजनांतर्गत प्रति कार्ड के स्थान पर प्रति परिवार प्रति वर्ष अधिकतम रूपये 05 लाख तक की राशि का उपचार सुविधा उपलब्ध कराए जाने का प्रावधान है। **(ख)** आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन अरोग्य डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजनांतर्गत प्रदेश में बीमारियों के उपचार हेतु 2,338 पैकेज उपलब्ध हैं तथा आयुष्मान कार्ड बनाने की अर्हताएं हेतु भारत सरकार द्वारा सामाजिक,

आर्थिक एवं जातीय जनगणना (SECC) 2011 के परिवारों को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निम्नानुसार चिन्हांकित किया है:-ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत SECC में D1, D2, D3, D4,D5,D7 केटेगरी के परिवार को शामिल किया गया है।

D1	एक कमरे का घर जिसकी दीवार एवं छत कच्ची हो, वह परिवार
D2	ऐसा परिवार जिसमें 16 से 59 वर्ष की आयु का कोई सदस्य न हो
D3	ऐसा परिवार जिसमें 16 से 59 वर्ष की आयु को कोई भी पुरूष सदस्य न हो
D4	दिव्यांग सदस्य एवं समक्ष शरीर वाले वयस्क रहित परिवार
D5	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति परिवार
D7	भूमिहीन परिवार जो अपनी आय श्रमिक के रूप में अर्जित करते है।

शहरी क्षेत्र में व्यवसाय के आधार पर विभिन्न वर्गो जैसे-भीख मांगने वाले, घरेलू कामगार, स्ट्रीट वेंडर्स, धोबी, वेटर्स/दुकान कर्मी, मरम्मत कर्मी, दर्जी/हथकरधा कर्मी, यातायात कर्मी, कचड़ा बीनने वाले, सफाई कर्मी एवं भवन निर्माण कर्मियों को शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त कुछ अतिरिक्त वर्गो को भी योजनांर्गत स्वतः सम्मिलित किया गया है, जैसे-बिना छत के घर वाले परिवार, पूर्णतः दान पर निर्भर परिवार, मैला ढोने वाले परिवार, परित्यक्त परिवार, कानूनी तौर पर छुड़ाए गए बंधुआ मजदूर एवं आदिम आदिवासी समूह। साथ ही राज्य के शेष परिवारों के लिए योजनांर्गत अर्हता, अंत्योदय एवं प्राथमिकता राशन कार्ड साथ आधार कार्ड या अन्य शासकीय पहचान पत्र के माध्यम से आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है।

पिछड़ा वर्ग के लिए औद्योगिक क्षेत्र में भूमि आरक्षण

[वाणिज्य एवं उद्योग]

10. (क्र. 599) श्री धर्मजीत सिंह : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या राज्य शासन ने प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के लोगों को उद्योगों में बढ़ावा देने के लिए 10% भूमि आरक्षित करने का निर्णय लिया है? यदि हां तो कब? **(ख)** क्या कंडिका "क" के वर्ग विशेष के लिए पुराने औद्योगिक क्षेत्र/ नए औद्योगिक क्षेत्र की भूमि (दोनों) में प्राथमिकता देने का प्रावधान है? नहीं तो क्यों नहीं ? **(ग)** कंडिका "क" के अंतर्गत एक व्यक्ति को कितनी भूमि दिए जाने का प्रावधान है, क्या इसके लिए हितग्राही को छत्तीसगढ़ का मूल निवासी होना अनिवार्य है? नहीं तो क्यों नहीं?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) हां, राज्य शासन ने प्रदेश के पिछड़ा वर्ग के लोगों को उद्योगों में बढ़ावा देने के लिए 10% भूमि आरक्षित करने का निर्णय लिया है। इस संबंध में छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ 20-01/2019/11/(6) दिनांक 09.02.2022 द्वारा अधिसूचना जारी किया गया है।**(ख)** राज्य के औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग विभाग एवं छत्तीसगढ़ स्टेट इंडस्ट्रीयल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संधारित समस्त औद्योगिक क्षेत्रों में उद्योग एवं सेवा उद्यम स्थापना हेतु अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों में उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु इस प्रवर्ग हेतु 10 (दस)प्रतिशत भू-खण्ड आरक्षित किये जायेंगे, जो कि भू-प्रब्याजि दर के 10 (दस) प्रतिशत दर तथा 1 (एक) प्रतिशत भू-भाटक पर उपलब्ध कराये जायेंगे। आरक्षण की अवधि नियत दिनांक अथवा औद्योगिक क्षेत्र/औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना दिनांक, जो भी पश्चात का हो, से दो वर्ष तक रहेगी। भूखण्ड/भूमि की मात्रा, ''छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015'' में वर्णित पात्रता के नियम एवं प्रावधान के अनुसार होगी।''यह संशोधन इस अधिसूचना के जारी होने के दिनांक से प्रवृत्त हुये समझी जावेगी। **(ग)**कंडिका ''क'' के अंतर्गत एक व्यक्ति को छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015 (यथा संशोधित 2022) की कंडिका -2.3 में वर्णित प्रावधानों के आधार पर आबंटन योग्य भूमि दिए जाने का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग, नवा रायपुर के पत्र क्र. एफ 20-01/2019/11/(6) दिनांक 09.02.2022 को जारी अधिसूचना में भूमि आबंटन हेतु प्रदेश के अन्य पिछड़ा वर्ग नागरिक होने का प्रावधान है।

रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति

[उच्च शिक्षा]

11. (क्र. 600) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- महाविद्यालय संवर्ग के रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति के लिए निर्धारित योग्यता क्या है? क्या वर्ष 2021-2022 में रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति आदेश जारी किया गया है? हां तो कब?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :मध्यप्रदेश उच्च शिक्षा विभाग अध्यापनेत्तर (राजपत्रित) भरती नियम, 1991 का अनुसूची-चार के सरल क्रमांक-3 अनुसार महाविद्यालय संवर्ग के रजिस्ट्रार के पद पर पदोन्नति के लिए निम्नानुसार योग्यता निर्धारित हैः-**(क)** छात्रावास प्रबंधक - छात्रावास प्रबंधक तथा मुख्यलिपिक के पद पर आठ वर्ष का अनुभवया**(ख)** मुख्यलिपिक - मुख्यलिपिक के पद पर आठ वर्ष का अनुभवयातृतीय वर्ग में कुल 18 वर्ष की सेवा की हो।टिप्पणीः- महाविद्यालय में कार्य कर रहे मुख्य लिपिक को रजिस्ट्रार के पद पर केवल तभी पदोन्नत किया जाएगा जबकि छात्रावास प्रबंधक के पद पर कार्य कर रहे अर्ह व्यक्ति पदोन्नति के लिये उपलब्ध न हो,जी हां, दिनांक 31.12.2021

दिवंगत शिक्षाकर्मियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

12. (क्र. 629) श्रीमती ममता चन्द्राकर : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला कबीरधाम में शिक्षाकर्मियों के संविलियन के पूर्व दिवंगत हुए शिक्षाकर्मियों के आश्रितों के अनुकंपा नियुक्ति के कितने आवेदन प्राप्त हुए हैं ? **(ख)** अनुकंपा नियुक्ति के कितने प्रकरण लंबित हैं ? प्रकरण लंबित होने के क्या कारण है ? **(ग)** क्या इस संबध में आवेदकों को लिखित सूचना जारी की गई है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) कबीरधाम जिले में अनुकंपा नियुक्ति के कुल **38** आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। **(ख)** अनुकंपा नियुक्ति के **38** प्रकरण लंबित है। आवेदकगण द्वारा वांछित अर्हता नहीं होने के कारण प्रकरण लंबित है। **(ग) 16** आवेदकों को लिखित सूचना जारी की गई है। शेष आवेदकों को अनुकंपा नियुक्ति शिविर **दिनांक 27.01.2016** जिला पंचायत कबीरधाम में आयोजित शिविर में तथा आवेदकों द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत करते समय सहायक शिक्षक पंचायत संवर्ग के लिए वांछित योग्यता प्राप्त करने के संबंध में जानकारी से अवगत करा दिया गया है।

बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड से स्वीकृत कार्य

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

13. (क्र. 679) श्री सन्त राम नेताम : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बस्तर संभाग में छत्तीसगढ़ मेडिकल कार्पोरेशन लिमिटेड विभाग से कितने कार्य स्वीकृत हुए? स्वीकृत कार्यो के विरुद्ध कितने कार्य पूर्ण हुए एवं कितने कार्य लंबित हैं ? **(ख)** पूर्ण कार्य में से कितने भवन हस्तांतरित किये गए? जिनमें कितनी संख्या में संचालित हैं? यदि नहीं तो कब तक संचालित किये जायेंगे ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) बस्तर संभाग के अंतर्गत 07 जिलों में कुल 551 कार्य स्वीकृत है। स्वीकृत कार्यो के विरूद्ध 321 कार्य पूर्ण है एवं 230 कार्य लंबित है।**(ख)** 321 पूर्ण कार्य मेंे से 121 भवन हैं, जिसमें से 103 हस्तांतरित हुए हैं और 102 संचालित है। शेष पूर्ण कार्य लघु /अन्य कार्य थे, जैसे कि लिफ्ट, ई.टी.पी., इत्यादि।

रायगढ़ जिला अंतर्गत सड़क विहीन गांव

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

14. (क्र. 766) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत कौन-कौन से गांव सड़क विहीन हैं ? विधानसभावार सड़क विहीन गांवों की जानकारी सड़कवार देवें ? **(ख)** प्रश्नांस 'क' अनुसार कौन-कौन सी सड़क स्वीकृत एवं प्रस्तावित है ? सड़कों की अद्यतन स्थिति बतावें ? सड़क विहीन गांवों में सड़क निर्माण की जानकारी देवें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) रायगढ़ जिले अंतर्गत विधानसभा एवं विकासखण्ड धरमजयगढ़ कुल 06 गांव सड़क विहीन है, जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** ग्राम बताती से ग्राम गवरडांड 1.00 कि.मी. तक सड़क (द्वितीय श्रेणी सड़क) स्वीकृत है। वर्तमान में कार्य प्रांरभिक स्तर पर है। शेष 05 ग्रामों में सड़कों की स्वीकृति नहीं हुई है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठारह"]

अभनपुर विधानसभा क्षेत्रांतर्गत हाट बाजार चिकित्सा योजना का संचालन
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

15. (क्र. 872) श्री धनेन्द्र साहू : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- अभनपुर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत किस-किस ग्राम में हाट बाजार चिकित्सा योजना संचालित की जा रही है एवं चिकित्सक दल में कौन-कौन हैं तथा किस-किस डॉक्टर एवं अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी कौन-कौन से दिवस में कितने घण्टे के लिए लगाई गई है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र पर दर्शित** है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्नीस"]

प्रदेश में संचालित शासकीय एवं अशासकीय आई.टी.आई.
[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

16. (क्र. 873) श्री धनेन्द्र साहू : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर एवं दुर्ग जिलो में किस-किस स्थान पर किस-किस नाम से शासकीय एवं अशासकीय आई.टी.आई.संचालित है ? **(ख)** नए आई.टी.आई.(शासकीय) प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा कौन-कौन से मापदंड निर्धारित किए गए हैं, कृपया जानाकारी देवें ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जानकारी **''संलग्न प्रपत्र अ एवं प्रपत्र ब''** अनुसार है। **(ख)** स्थानीय/क्षेत्रीय मांग एवं वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर नये शासकीय आई.टी.आई. प्रारंभ किये जाते हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - बीस"]

सी. पी. एस. की राशि
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 939) डॉ. विनय जायसवाल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- क्या कोरिया जिले में शिक्षकों की सी. पी. एस. की राशि वेतन से संविलियन पूर्व उनके खाते में जमा नहीं हुई ? यदि हां तो क्यों जमा नहीं हुई ? निर्धारित समय में राशि जमा नहीं हुई, इसके लिए कौन कौन आधिकारी कर्मचारी जिम्मेदार हैं, और उन पर क्या कार्यवाही की जायेगी ? एवं राशि कब तक जमा की जायेगी ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : संलग्न ''प्रपत्र'' अनुसार सी.पी.एस. की राशि जमा नहीं हुई। तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जन. पंचा. एवं विकासखड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़, जिला-कोरिया द्वारा नियोक्ता अंशदान की राशि आहरण नहीं करने एवं सर्व शिक्षा अभियान अंतर्गत एन.पी.एस. की राशि जमा नहीं करने के कारण। श्री व्ही.के. राठौर, तत्कालीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जन. पंचा. मनेन्द्रगढ़, श्री एस.बी. गुप्ता, सेवानिवृत्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनेन्द्रगढ़, श्री आर.के. आर्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, मनेन्द्रगढ़ एवं तत्कालीन जिला मिशन समन्वयक (रा.गा.शि.मि.) श्री डी.के. सिंह, श्रीमती कामायनी कश्यप तथा श्री अशोक कुमार सिन्हा जिम्मेदार है। कारण बताओं नोटिश जारी किया गया है। गुणदोष के आधार पर कार्यवाही की जाएगी। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्कीस"]

जिला रायगढ़ में मनरेगा के अभिसरण मद के तहत स्वीकृत कार्य
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

18. (क्र. 1093) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जिला रायगढ़ में सिंचाई विभाग को मनरेगा के अभिकरण मद से वर्ष 2019-20 से जनवरी, 2022 तक कितने कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई हैं? कितने कार्यों का कार्याआदेश जारी किया गया है ? वर्षवार राशि सहित जानकारी देवें? **(ख)** उक्त अवधि में ऐसे कितने प्रकरण हैं जिनका प्राक्कलन प्राप्त होने के बाद भी स्वीकृति प्रदान नहीं की जा सकी है ? स्वीकृत नहीं किये जाने के क्या कारण है ? क्यों लंबित हैं? **(ग)** लंबित प्रकरण कब तक पूर्ण कर लिए जाएंगे?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जिला रायगढ़ में सिंचाई विभाग को महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत अभिसरण के तहत वर्ष 2019-20 मे राशि रू. 225.94 लाख के 126 कार्य, वर्ष 2020-21 मे राशि रू. 385.61 लाख के 77 कार्य एवं वर्ष 2021-22 मे जनवरी, 2022 तक राशि रू. 330.62 लाख के 52 कार्य की स्वीकृति एवं कार्यादेश वर्षवार जारी किया गया है। **(ख)** प्राक्कलन प्राप्त, सभी कार्यो को स्वीकृति प्रदान किया जा चुका है। शेष प्रश्न ही उपस्थित नही होता। **(ग)** प्रश्न उद्भूत नही होता।

जांजगीर-चांपा जिला में शराब बिक्री से प्राप्त राजस्व व अवैध शराब बिक्री के दर्ज प्रकरण

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

19. (क्र. 1100) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बतानेकी कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर चांपा जिला में वर्ष 2020-21 व चालू वित्तीय वर्ष में शराब बिक्री से कितना-कितना राजस्व प्राप्त हुआ हैं? **(ख)** वर्ष 2020-21 व चालू वित्तीय वर्ष मे अवैध शराब बिक्री के कितने प्रकरण दर्ज किये गये हैं, थानावार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) जांजगीर-चांपा जिला में वर्ष 2020-21 व चालू वित्तीय वर्ष में शराब बिक्री से प्राप्त राजस्व की जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है।**(ख)** वर्ष 2020-21 व चालू वित्तीय वर्ष में अवैध शराब बिक्री के दर्ज प्रकरणों की थानावार जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बाईस"]

सहायक प्राध्यापक की भर्ती के लिए निःशक्तजनों के बैकलॉग एवं नई भर्ती के विज्ञापित पद

[उच्च शिक्षा]

20. (क्र. 1103) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** क्या उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक की भर्ती के लिए वर्ष 2014 से 2022 तक निःशक्तजनों के कितने पद बैकलाग एवं नई भर्ती के विज्ञापित किए गए? यदि हॉ, तो वर्षवार, वर्गवार (अजा. ,अजजा., अपिव. और अन.) एवं विषयवार पृथक पृथक जानकारी देवें? **(ख)** भर्ती वर्ष में नहीं भरे जा सके निःशक्तजनों के पदों को बैकलाग घोषित कर अग्रणीत किए जाने की क्या व्यवस्था एवं नियम हैं? **(ग)** उपरोक्त "क" के विज्ञापित पदों में से कितने पद भरे गए तथा कितने पद आगामी वर्षों हेतु बैकलाग के रूप में अग्रणीत किए गए? वर्षवार, वर्गवार (अजा, अजजा, अपिव और अना) एवं विषयवार पृथक-पृथक जानकारी देवें?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जी हॉ।प्रश्नाधीन अवधि की वर्षवार जानकारी **प्रपत्र''अ'' पर संलग्न**है। **(ख)** सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 27.09.2014 कंडिका-12 अनुसार दिव्यांगजनों के सीधे भर्ती के मामले में आरक्षण की आपसी अदला-बदली और पदों का अग्रणित (कैरी फारवर्ड) करने के निर्देश **प्रपत्र''ब'' पर संलग्न** है।**(ग)** सहायक प्राध्यापक भर्ती-2014 में विज्ञापित पदों में से भरे गये पद की जानकारी एवं अग्रणीत किये जाने हेतु शेष पदों की जानकारी **प्रपत्र''स'' पर संलग्न** है। सहायक प्राध्यापक भर्ती-2019 में विज्ञापित पदों के विरूद्ध चयनित अभ्यर्थियों के सहायक प्राध्यापक के नियुक्ति आदेश जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नियुक्ति आदेश जारी करने एवं कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत वर्ष 2019 में रिक्त पदों को बैकलाग के रूप में आगामी भर्ती में अग्रणीत किया जावेगा।
[संलग्न "परिशिष्ट - तेईस"]

जिला पंचायत बालोद को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत आबंटित एवं व्यय राशि

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

21. (क्र. 1114) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** वर्ष 2019-20 से 31 जनवरी, 2022 तक जिला पंचायत बालोद को स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत कितनी राशि आबंटित की गई? आबंटित राशि में से किन-किन कार्यों पर कितनी राशि व्यय की गई है?वर्षवार, मदवार जानकारी देवें. **(ख)** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत् जिले के किन-किन ग्रामों में कौन-कौन सी सामग्रियों की सप्लाई किन-किन एजेंसी/फर्म के माध्यम से की गई है? कितनी पंचायतों में भुगतान उपरांत भी सामग्रियों की सप्लाई नहीं की गई है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव): (क) जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **पुस्तकालय** में रखे **''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। भुगतान उपरांत भी सामग्रीयों की सप्लाई नहीं की गई पंचायतों की संख्या **निरंक**है।

जिला धमतरी में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत संचालित प्रशिक्षण केन्द्र

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

22. (क्र. 1120) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिला धमतरी में कहां-कहां प्रशिक्षण केन्द्र संचालित है ? एवं किन-किन ट्रेड्स का प्रशिक्षण किया जा रहा है? **(ख)** शासन द्वारा जिला धमतरी के प्रशिक्षण केन्द्रों को विगत 3 वर्षो में कितनी-कितनी राशि जारी की गई है? **(ग)** क्या जिले के सभी केन्द्रों में प्रशिक्षण कार्य का भुगतान किया जा चुका है अथवा भुगतान हेतु लंबित है? **(घ)** योजना से लाभान्वित कितने प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है ? पृथक-पृथक जानकारी बतावें ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : (क) मुख्यमंत्री कौशल विकास योजनांतर्गत जिला धमतरी में 14 संस्थायें कौशल प्रशिक्षण हेतु प्रशिक्षण केन्द्र (व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदाता) के रूप में पंजीकृत है। वर्तमान में किसी भी ट्रेड्स में प्रशिक्षण संचालित नहीं है । **(ख)** विगत 3 वर्षो में प्रशिक्षण केन्द्र, जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय धमतरी को राशि 2,71,418 रूपये तथा जिला जेल, धमतरी को राशि 72,000 रूपये जारी किया गया है। **(ग)** जी नहीं। प्रायोजक विभाग जिला कौशल विकास प्राधिकरण, धमतरी अंतर्गत जिला परियोजना आजीविका महाविद्यालय धमतरी के प्रशिक्षण कार्य की राशि तथा श्रम विभाग, धमतरी अंतर्गत दया विद्यापीठ नारी धमतरी के प्रशिक्षण कार्य की राशि भुगतान हेतु लंबित है। **(घ)** प्रश्नांश अवधि में कुल 4027 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है। वर्षवार जानकारी निम्नानुसार है :- वर्ष 2018-2019 में 3553, वर्ष 2019-2020 में 436 एवं वर्ष 2020-2021 में 38 प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार प्राप्त हुआ है।

गर्भवती माता व नवजात शिशु की मृत्यु तथा कुपोषित बच्चें

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

23. (क्र. 1132) श्री धरम लाल कौशिक : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 01 जनवरी, 2019 से 31 जनवरी, 2022 तक प्रदेश में कुल कितने गर्भवती माता, नवजात शिशु व 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की शासकीय अस्पतालों में मृत्यु हुई है ? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें। इन बच्चों की मृत्यु के प्रमुख रूप से क्या कारण थे ? **(ख)** कंडिका 'क' अनुसार बच्चो में कितने बच्चे कुपोषित थे ? जिलेवार बतावें। कंडिका 'क' अवधि में प्रदेश में नवजात शिशु मृत्यु दर, बाल मृत्यु दर व मातृ मृत्यु दर, विभागीय आंकड़ो व मान्यता प्राप्त सर्वे एजेंसी अनुसार कितनी थी?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। मृत बच्चों की मृत्यु के प्रमुख रूप से कारण-बर्थ एस्फेक्सिया, कम वजन एवं समय पूर्व जन्म, रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम, मीकोनियम एस्पिरेशन सिंड्रोम, निमोनिया, नवजात संक्रमण, शॉक, जन्मजात हृदय रोग, न्यूरल ट्यूब डिफेक्ट, डायरिया, दुर्घटना आदि थे।**(ख)** कंडिका ''क'' में मृत्यु के कारण बताये गये है। नवजात शिशु मृत्यु दर तथा बाल मृत्यु दर की गणना राष्ट्रीय परिवार सर्वे (NFHS) से ही ली जाती है, जो एक बड़े पैमाने पर भारत सरकार द्वारा कराया जाने वाला सर्वेक्षण है। इस अवधि में (2019-21) NFHS-5 संपादित हुआ है।NFHS-5 अनुसार नवजात शिशु मृत्यु दर (Neonatal mortality rate) 32.4 प्रति हजार जीवित जन्म है तथा बाल मृत्यु दर (Under 5 mortality rate) 50.4 प्रति हजार जीवित जन्म है। मातृ मृत्यु दर हेतु सैम्पल रजिस्ट्रेशन (एस.आर.एस.) के आकड़े लिये जाते है। कंडिका ''क'' की अवधि हेतु उक्त आंकड़े संस्था द्वारा जारी नहीं किये गये है।

[संलग्न "परिशिष्ट - चौबीस"]

पीएमजीएसवाय सड़कों का निर्माण एवं संधारण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

24. (क्र. 1135) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जनवरी, 2019 से दिसम्बर, 2021 तक पीएमजीएसवाय की बिलासपुर संभाग की कितनी निमार्णाधीन एवं संधारण सड़कों को राष्ट्रीय गुणवत्ता समीक्षक द्वारा "असंतोष" श्रेणी प्रदान की गई ? **(ख)** "असंतोष" श्रेणी प्रदाय की गई सड़कों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर विभाग द्वारा क्या कार्यवाही की गई ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जनवरी, 2019 से दिसम्बर, 2021 तक प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन सड़को में निरंक एवं संधारण सड़कों मे जिला बिलासपुर की 01 सड़क में ''असंतोष'' श्रेणी प्रदान की गई है। **(ख)** ''असंतोष'' श्रेणी प्रदाय की गई सड़कों पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर विभाग द्वारा संबंधित कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं उप-अभियंता को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया है। संबंधित अधिकारियों से जवाब प्राप्त होने के पश्चात् आगे की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न मदों में प्राप्त राशि ।

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

25. (क्र. 1140) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** बिलासपुर जिले में स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं के विकास के लिए जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2021 की अवधि में डी. एम. एफ., सी. एस. आर. और विशेष केन्द्रीय सहायता मद से कितनी राशि मिली है ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार उक्त राशि से स्वास्थ्य विभाग द्वारा कौन-कौन से कार्य कराये गये हैं ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) बिलासपुर जिले में स्वास्थ्य सम्बन्धी सुविधाओं के विकास के लिए जनवरी, 2020 से दिसम्बर, 2021 की अवधि में डी.एम.एफ मद से रूपये 353.18 लाख, सी.एस.आर. मद से रूपये 484.80 लाख और विशेष केन्द्रीय सहायता मद अंतर्गत रूपये 282.20 लाख की राशि प्राप्त हुई है। **(ख)** कंडिका ''क'' अनुसार उक्त राशि से निम्नानुसार कार्य कराये गये हैः-डी.एम.एफ. मद सेः- कोविड-19 में सेवारत चिकित्सा अधिकारियों का वेतन, प्रत्यक्ष, अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा, आवष्यक सामग्री उपकरण आईसीयूबेड इत्यादि, अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्रों में स्थित 100 हेल्थ वेलनेस सेंटरों में आवष्यक सामग्री एवं उपकरण हेतु।सी.एस.आर. मद सेः- 120 बेड सेंटर नवीनीकरण कार्य जिला चिकित्सालय, कोविड-19 संक्रमण बचाव एवं रोकथाम हेतु सामग्री उपकरण मास्क, सेनेटाईजर, पल्स आक्सीमीटर इत्यादि, जिला अस्पताल कोविड-19 सेंटर एवं सिम्स मेडिकल कॉलेज मॉलिक्यूलर वायरोलॉजी लैब हेतु।विषेष केन्दीय सहायता मद सेः- कोविड अनिवार्य डायग्नोस्टिक एवं ड्रग्स, आई.टी. इंटरवेंशन अस्पताल सूचना पद्धति, स्वास्थ्य अधोसंरचना जिला चिकित्सालय बिलासपुर में आईसोलेसन व पिडियाट्रिक यूनिट, उपकरण एवं सामग्री क्रय की प्रक्रिया।

आदिवासी बच्चों की मौत

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

26. (क्र. 1153) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 1 जनवरी, 2019 से 15 फरवरी, 2022 तक प्रदेश में कितने बच्चों की मौत हुई है? जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका ''क'' से सम्बंधित बच्चों में कितने नवजात शिशु, कितने 5 वर्ष तक छोटी बच्चियाँ/बच्चे व कितने 15 वर्ष तक के बच्चे थे ? कितनी महिलाओं की इस समयावधि में प्रसव के दौरान मौत हुई है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) एवं **(ख)** माहवार एकत्रित की जाती है। 1 जनवरी 2021 से 28 फरवरी 2022 तक की जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।

[संलग्न "परिशिष्ट - पच्चीस"]

गरियाबंद जिले के अंतर्गत जिला अस्पताल, गरियाबंद एवं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में शल्य चिकित्सा माध्यम से प्रसव

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

27. (क्र. 1156) श्री अमितेश शुक्ल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** गरियाबंद जिले के अंतर्गत जिला अस्पताल, गरियाबंद एवं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में क्या शल्य चिकित्सा (सिजेरियन ऑपरेशन) के माध्यम से प्रसव कराने हेतु आवश्यक सुविधा उपलब्ध है ? नहीं तो क्यों ? कब तक सुविधा उपलब्ध होगी ? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में कितनी गर्भवती महिलायों का शल्य चिकित्सा के माध्यम से सुरक्षित प्रसव कराया गया है ? **(ग)** कंडिका ''क'' के तहत शल्य चिकित्सा (सिजेरियन ऑपरेशन) से प्रसव के क्या मापदंड हैं ? क्या शासन से निर्धारित मापदण्डों का पालन किया जा रहा है ? नहीं तो क्यों ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जी हॉ। जिला अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञों की अनुपलब्धता के कारण शल्य चिकित्सा (सिजेरियन ऑपरेशन) प्रसव कराने की सुविधा उपलब्ध नहीं है। समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत् केवल जिला अस्पताल, गरियाबंद में वर्ष 2020-21 में निरंक एवं 2021-22 में 26 गर्भवती महिलाओं का शल्य चिकित्सा के माध्यम से सुरक्षित प्रसव कराया गया है। **(ग)** कंडिका ''क'' के तहत् शल्य चिकित्सा (सिजेरियन ऑपरेशन) से प्रसव हेतु प्रथम संदर्भन ईकाई अनुसार अधोसंरचना, मानव संसाधन, उपकरण व ब्लड बैंक/ब्लड स्टोरेज आदि मापदंड निर्धारित है, मापदंड अनुरूप केवल मानव संसाधन अंतर्गत जिला अस्पताल गरियाबंद में शिशुरोग विशेषज्ञ उपलब्ध नहीं है। EMOC व LSAS प्रशिक्षित चिकित्सक उपलब्ध है, वर्तमान में निजी क्षेत्र के विशेषज्ञ चिकित्सक की सेवायें ली जा रही है। हां, निर्धारित मापदंडों का पालन किया जा रहा है।

गर्भवती माता, नवजात शिशु की मृत्यु

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

28. (क्र. 1160) श्री डमरूधर पुजारी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** रायपुर संभाग के जिलों में जनवरी, 2019 से जनवरी, 2022 के मध्य कितनी गर्भवती माता, नवजात शिशु व 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की शासकीय व निजी अस्पतालों में मृत्यु हुई है ? इनमें कितने बच्चे कुपोषित श्रेणी में थे ? जिलेवार व वर्षवार जानकारी देवें?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छब्बीस"]

विधानसभा क्षेत्र चंद्रपुर के अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्रों में पदस्थ चिकित्सक

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

29. (क्र. 1167) श्री रामकुमार यादव : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कितने सामु.स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केद्र संचालित हैं, वि.खं वार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्न 'क' के अनुसार स्वास्थ्य केंद्रों में कुल कितने पद स्वीकृत एवं कितने पद भरे गए हैं तथा कितने पद खाली हैं ? पदवार एवं स्वास्थ्य केंद्र वार जानकारी देवें। **(ग)** क्या स्वास्थ्य केंद्रो में चिकित्सकों की कमी है ? यदि हॉ, तो उनकी पूर्ति हेतु क्या प्रयास किए जा रहे हैं ? **(घ)** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा में कितने महिला चिकित्सक विशेषज्ञ पदस्थ हैं ? यदि नहीं तो महिला चिकित्सक की पदस्थापना कब तक की जावेगी ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत 02 सामु. स्वा. केन्द्र, 08 प्राथ. स्वा. केन्द्र एवं 49 उप स्वा. केन्द्र संचालित है। विकासखण्ड वार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार** है। **(ख) जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब'' अनुसार** है। **(ग)** जी हाँ। चंद्रपुर विधानसभा क्षेत्र के स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सा विशेषज्ञ के 10 तथा चिकित्सा अधिकारी के 02 पद रिक्त हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग से विशेषज्ञ तथा विभाग द्वारा चिकित्सा अधिकारी की भर्ती की कार्यवाही प्रचलन में हैं। **(घ)** महिला चिकित्सक विशेषज्ञ पदस्थ नही हैं। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सत्ताईस"]

भाग-3

अतारांकित प्रश्नोत्तर

जांजगीर चांपा जिले में राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राप्त एवं खर्च राशि

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

1. (क्र. 30) श्री सौरभ सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत पिछले 03 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 31.01.2022 तक कितनी राशि प्राप्त हुई ? **(ख)** उपरोक्त प्राप्त राशि में से कितनी राशि जांजगीर चाम्पा जिले में किस-किस कार्य के लिए कब-कब खर्च की गई है ? **(ग)** दिनांक 31.01.2022 की स्थिति में कितनी राशि जिले में शेष है ? शेष राशि कब तक खर्च होगी ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन के तहत् प्रश्नांकित अवधि में जांजगीर-चांपा जिले में कुल राशि रूपये 20500000.00 प्राप्त हुई है। **(ख)** जानकारी **संलग्न परिशिष्ट पर दर्शित है। (ग)** दिनांक 31.01.2022 की स्थिति में जिले में कुल राशि रूपये 4120569.00 शेष है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **[संलग्न "परिशिष्ट - अट्ठाईस"]**

जांजगीर-चांपा जिले में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत प्राप्त एवं खर्च राशि

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

2. (क्र. 38) श्री सौरभ सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में दिनांक 1.2.2022 तक कितनी राशि जांजगीर-चांपा जिले में प्राप्त हुई ? **(ख)** उपरोक्त प्राप्त राशि में से कितनी राशि किस-किस कार्य के लिए, खर्च की गई हैं ? **(ग)** दिनांक 01.02.2022 की स्थिति में कितनी राशि जिले में शेष हैं ? शेष राशि कब तक खर्च होगी ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) 3 वर्षो में प्राप्त राशि निम्नानुसार हैः-

वर्ष	**राशि (लाख में)**
2018-19	2994.00
2019-20	4130.00
2020-21	4999.70
2021-22 (01.02.22)	3284.00

(ख) वर्ष 2018-19 में राशि रूपये 2743.31 लाख, 2019-20 में रूपये 4065.90 लाख, 2020-21 में रूपये 4132.97 लाख एवं 2021-22 (दिनांक 01.02.2022 तक) में रूपये 2944.12 लाख खर्च किए गए। व्यय की गई राशि मातृत्व शिशु स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत, मितानिनों को प्रोत्साहन, प्रचार प्रसार व्यय एवं उपकरण/ कन्सुमेबल में, टीकाकरण कार्यक्रम अंतर्गत प्रोत्साहन एवं प्रबंधन में, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों जैसे कुष्ट उन्मूलन कार्यक्रम, क्षय नियंत्रण कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी का वेतन एवं जिलो के चिकित्साकों, स्टाफ नर्स एवं अन्य तकनीकि कर्मचारियों को प्रशिक्षण व्यवस्था में उपयोग हुई है। **(ग)** दिनांक 01.02.2022 तक राशि रूपये 1521.40 लाख जिले में शेष है। इस के खर्च बाबत् निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

प्रदेश में पंजीकृत बेरोजगार

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

3. (क्र. 208) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में पंजीकृत बेरोज़गारों की संख्या कितनी है? जिलेवार वर्णन दें। बेरोज़गार लोगों को रोज़गार देने के लिए शासन द्वारा क्या कार्य योजना बनाई गयी है? **(ख)** कोरोना महामारी के दौरान कितने लोगों ने अपना रोज़गार खोया है, क्या यह जानकारी विभाग द्वारा जुटाई गयी है? यदि हाँ तो जिलेवार आकड़ों का वर्णन दें? **(ग)** क्या पंजीकृत बेरोज़गारों को

बेरोज़गारी भत्ता दिया जा रहा है? यदि नहीं, तो क्या उन्हें यह भत्ता दिए जाने की योजना है? तथाउन्हें कब तक बेरोज़गारी भत्ता दे दिया जाएगा?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) दिनांक 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में पंजीकृत रोजगार इच्छुकों की **संख्या 1869393** है। जिलेवार जानकारी **''संलग्न प्रपत्र''** अनुसार है। रोजगार इच्छुक व्यक्तियों को निजी प्रतिष्ठानों में रोजगार देने के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाता है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** जी नहीं। जी नहीं। प्रश्न उपथित नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्तीस"]

बिलासपुर जिला अंतर्गत मनरेगा के लिए स्वीकृत राशि एवं कार्यों की स्थिति
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

4. (क्र. 288) श्री शैलेश पांडे : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**बिलासपुर जिले में 1 जनवरी, 2019 से 31 जनवरी, 2022 तक मनरेगा अंतर्गत कितनी राशि आवंटित की गई? **(ख)** उसमें कितने कार्य स्वीकृत किए गए ? **(ग)** कार्यों की अद्यतन स्थिति बताने का कष्ट करें?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत राशि आबंटित नही की जाती है अपितु भारत सरकार द्वारा एन.ई.एफ.एम.एस. खाते से मजदूरी मद की राशि सीधे हितग्राहियो के खाते में एवं सामग्री मद की राशि सामग्री प्रदायकर्ता के खाते मे हस्तांतरित की जाती है। बिलासपुर जिले मे 1 जनवरी, 2019 से 31 जनवरी, 2022 तक महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत किये गये व्यय की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ग)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तीस"]

बिलासपुर जिले से संग्रहित वाणिज्य कर जीएसटी
[वाणिज्यिक कर (जी.एस.टी.)]

5. (क्र. 289) श्री शैलेश पांडे : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-बिलासपुर जिले में 1 जनवरी, 2019 से 31 जनवरी, 2022 तक कितना वाणिज्य कर (जी एस टी) शासन को प्राप्त हुआ और कितना शेष है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : बिलासपुर जिले के अंतर्गत दिनांक 01 जनवरी, 2019 से 31 जनवरी, 2022 तक **एसजीएसटी** राशि रू. 1866.31 करोड़, **सीजीएसटी** राशि रू. 1506.11 करोड़, **आईजीएसटी** राशि रू. 405.32 करोड़ एवं शेष राशि रू. 17139.93 करोड़ कुल प्राप्त राजस्व राशि रू. 20917.67 करोड़ की प्राप्ति हुई है। माह जनवरी 2022 तक बिलासपुर जिले में कुल राशि रू. 2.70 करोड़ राजस्व प्राप्त होना शेष है।

रायपुर जिला में औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मेडिकल स्टोर, होटल तथा दुकानों का निरीक्षण
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

6. (क्र. 310) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायपुर जिले में दिनांक 01/02/2021 से दिनांक 31/01/2022 तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा कितने मेडिकल स्टोर, होटल तथा दुकानों का निरीक्षण किया गया ? उक्त निरीक्षण के दौरान कितने प्रतिष्ठानों से कितनी दवाईयां तथा खाद्य सामग्री/मिठाईयों के सैंपल संग्रहित किये गये ? कितने सैंपलो को जांच हेतु लैब भेजा गया तथा कितने सैंपल निर्धारित मानक अनुरूप सही पाये गये ? **(ख)** अमानक पाये गये सैंपल से संबंधित कितने संस्थानों/प्रतिष्ठानों के संचालको के विरूध्द कार्यवाही की गई ? कितने प्रतिष्ठानो/संस्थानो के संचालको के विरूध्द न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किए गये ? **(ग)** पूर्व दिनांक 01/01/2019 से दिनांक 31/01/2021 की अवधि में अमानक 34 सैंपल, जो विवेचना में थे, उनमें अभियोग पत्र प्रस्तुत हुआ अथवा नहीं ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) रायपुर जिले में दिनांक 01.02.2021 से दिनांक 31.01.2022 तक खाद्य एवं औषधि विभाग व्दारा 1064 मेडिकल स्टोर, 253 होटल तथा 1133 दुकानों का निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान 143 प्रतिष्ठानों से 68 दवाईयों तथा 102 खाद्य सामग्री/मिठाईयों के सैंपल संग्रहित किये गये। 170

सैंपलों को जांच हेतु लैब भेजा गया तथा 103 सैंपल निर्धारित मानक अनुरुप सही पाये गये एवं 36 नमूनों के जांच प्रतिवेदन अप्राप्त है। **(ख)** औषधि के 14 अमानक पाए गए सैंपल से संबंधित 05 व्यक्तियों के विरूद्व कार्यवाही की गई। उक्त 05 व्यक्तियों के विरूद्व न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किए गए हैं। खाद्य के 17 अमानक सैंपल पाए गए। वर्तमान में उक्त 17 संस्थानों/प्रतिष्ठानों में से 02 संस्थान/प्रष्ठिान के विरुद्व कार्यवाही के तहत न्यायालय में अभियोग पत्र प्र्स्तुत किए गए है। **(ग)** दिनांक 01.01.2019 से दिनांक 31.01.2021 तक की अवधि में अमानक 34 सैंपल थे, उनमें से 28 प्रकरणों में अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत कर दिये गये है। 05 प्रकरणों में प्रशासनिक कार्यवाही हो चुकी है एवं 01 प्रकरण में गुजरात राज्य खाद्य एवं औषधि प्रशासन व्दारा वैद्य अनुज्ञप्ति के तहत निर्मित होना बताया गया है।

रायपुर नगर में संचालित पैथालाजी लैब

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

7. (क्र. 311) श्री कुलदीप जुनेजा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या यह सही है कि विधानसभा तारांकित प्रश्न संख्या 21 (क्रमांक 778) दिनांक 25 मार्च 2021 के उत्तर में विभाग ने रायपुर नगर में दिनांक 01/02/2021 की स्थिति में 124 अवैध पैथालोजी लैब संचालित होना बताया था ? यदि हां तो दिनांक 25 मार्च 2021 से दिनांक 07/02/2022 के बीच इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई ? **(ख)** यदि प्रश्नांश "क" में उल्लेखित अवधि में इन अवैध पैथालोजी लैब पर कोई कार्यवाही नहीं की गई तो क्यों ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जी हाँ। उक्त अवधि में 21 पैथालोजी लैब को नर्सिंग होम एक्ट के तहत् लाईसेंस जारी किया गया है। 13 अवैध पैथालोजी लैब स्थाई रूप से बंद हो चुके है। 90 पैथालोजी लैब को नोटिस जारी किया जा चुका है एवं नर्सिंग होम एक्ट के तहत नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है। **(ख)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।

छत्तीसगढ़ में संचालित रोजगार मिशन

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

8. (क्र. 376) श्री अजय चन्द्राकर : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में प्रदेश में कुल कितने पंजीकृत/अपंजीकृत, शिक्षित/अशिक्षित बेरोजगार व बेरोजगारी दर है? **(ख)** क्या वर्तमान में बेराजगारी भत्ता दिया जा रहा है? यदि हां, तो कितनी राशि मासिक/वार्षिक प्रति बेरोजगार को दी जा रही है? **(ग)** प्रदेश में छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन कब से संचालित है और इसका उद्देश्य क्या है? इसके लिये कितनी राशि का बजट प्रावधान किया गया है? इस मिशन के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य व किस स्तर के अधिकारीगण के संरक्षण में संचालित किया जा रहा है? **(घ)** 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में कितने बेरोजगारों को, किन-किन श्रेणियों पर, किन-किन निजी/सहकारी संस्थाओं में रोजगार प्रदाय किया गया? जिलेवार बतायें?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में प्रदेश के जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में पंजीकृत व्यक्तियों की संख्या **1869392 है**। सी.एम.आई.ई. की वेबसाईट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार वर्तमान में छत्तीसगढ़ की **बेरोजगारी दर 1.7%**है। **(ख)** जी नहीं। **(ग)** छत्तीसगढ़ में रोजगार मिशन दिनांक 15.01.2022 से संचालित है। छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन राज्य में नये सतत् रोजगार सृजन एवं रोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। वर्तमान में बजट प्रावधान नही किया गया है। छत्तीसगढ़ रोजगार मिशन के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष/सदस्य से संबंधित जानकारी **पुस्तकालय** में रखे**प्रपत्र-अ** अनुसार है। **(घ)** 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में कुल - 3167 व्यक्तियों को प्लेसमेंट कैम्पों के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में रोजगार का अवसर उपलब्ध कराया गया। जिलेवार जानकारी **पुस्तकालय** में रखे**प्रपत्र-ब** अनुसार है।

कौशल विकास योजनांतर्गत प्रशिक्षण व रोजगार

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

9. (क्र. 377) श्री अजय चन्द्राकर : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-दिनांक 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में कौशल विकास योजनांतर्गत प्रदेश में कितने प्रशिक्षण केन्द्र, कहां-कहां संचालित हैं? व किन-किन

विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है? तथा इनकी वित्तीय व्यवस्था हेतु विगत तीन वर्षो में कितना-कितना बजट प्रावधान किया गया है? और कितने बेरोजगारो को प्रशिक्षण दिया गया एवं कितने को रोजगार प्राप्त हुआ ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : दिनांक 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में कौशल विकास योजनांतर्गत प्रदेश में 198 संस्थाएं कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु पंजीकृत है । उक्त दिनांक की स्थिति में 8 प्रशिक्षण केन्द्रो में प्रशिक्षण संचालित है, प्रशिक्षण केंद्र, प्रशिक्षण स्थल एवं विषयो में दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है । कौशल प्रशिक्षण हेतु विगत तीन वर्षो में शासन द्वारा 346.09 करोड़ रूपये का बजट प्रावधान किया गया है। विगत तीन वर्षो में 46,684 युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया एवं 21,073 को रोजगार प्राप्त हुआ हैं।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तीस"]

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंर्तगत मनरेगा एवं समग्र विकास योजना के अंतर्गत निष्पादित कार्य
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

10. (क्र. 493) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 31 जनवरी 2022 तक मनरेगा एवं समग्र विकास योजना के तहत कितनी राशि के कितने कार्य स्वीकृत किये गए हैं ? स्वीकृत कार्यो में से कितने कार्य पूर्ण एवं कितने अपूर्ण है? विकासखण्डवार,वर्षवार जानकारी उपलब्ध करावें । **(ख)** प्रश्नांश 'क' के कार्यो हेतु कितनी राशि की मजदूरी भुगतान एवं सामग्री क्रय का भुगतान किया गया? कितने का भुगतान किन कारणों से लंबित है तथा लंबित भुगतान कब तक कर दिया जावेगा? विकासखण्डवार जानकारी दें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ'' एवं ''ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ'' एवं ''ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बत्तीस"]

मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव में उपकरण एवं चिकित्सकों की पूर्ति
[चिकित्सा शिक्षा]

11. (क्र. 582) डॉ. रमन सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव हेतु अत्यावश्यक मशीनें जैसे- एमआरआई मशीन, डायलेसिस मशीन, सिटी स्कैन मशीन की स्वीकृति दी गई है तथा अत्यावश्यक विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट, हार्ट, किडनी, विशेषज्ञों के पदों की स्वीकृति है। यदि हां तो मशीनों का प्रदाय एवं रिक्त पदों के विरूद्ध पदस्थापना कब तक की जायेंगी? **(ख)** क्या जिला चिकित्सालय राजनांदगांव में रेडियोलॉजिस्ट, सोनोग्राफर, स्त्री रोग विशेषज्ञ, मेडिसिन विशेषज्ञ, के पद स्वीकृत हैं, यदि हां तो पदस्थापना कब तक की जायेगी?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) मेडिकल कॉलेज, राजनांदगांव हेतु एम.आर.आई. मशीन की स्वीकृति नहीं है। डायलेसिस एवं सी.टी. स्कैन मशीन की मांग अनुसार प्रशासकीय स्वीकृति उपरांत मशीन क्रय हेतु राशि सी.जी.एम.एस.सी. रायपुर को हस्तांतरित की गई है, क्रय की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। विशेषज्ञ न्यूरोलॉजिस्ट का पद स्वीकृत नहीं है। हार्ट और किडनी विशेषज्ञ के पद स्वीकृत है। भर्ती की कार्यवाही वॉक इन इंटरव्यूव के माध्यम से की जाती है-समय सीमा बताना सम्भव नहीं।**(ख)** जिला चिकित्सालय, राजनांदगांव में रेडियोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं मेडिसीन विशेषज्ञ के पद स्वीकृत है। सोनोग्राफर नाम से पद स्वीकृत नहीं है। उपरोक्त पदों मे से केवल रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त है, जिसकी वर्तमान में लोक सेवा आयोग के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया प्रचलन में है राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से भर्ती प्रक्रिया भी चल रही है। पदस्थापना करने की निश्चित समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

मुंगेली जिला अंतर्गत कोविड-19 संक्रमण की जांच
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

12. (क्र. 601) श्री धर्मजीत सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला मुंगेली में जनवरी, 2022 तक कोविड-19 (कोरोना) संक्रमण की जांच कितने लोगों की की गयी है, और कितने संक्रमित हुए

विकासखंडवार बतावें? **(ख)** कंडिका "क" की जांच के लिए कितने सेंटर कहां-कहां बनाए गए हैं? **(ग)** कंडिका "क" की रोकथाम के लिए कितना टीकाकरण किया गया है, कितना शेष है, कब तक पूरा किया जावेगा?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जिला मुंगेली में जनवरी, 2022 तक कोविड-19 (कोरोना) की जांच एवं संक्रमितों की विकासखंडवार **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''अ'' अनुसार है**। **(ख)** मुंगेली जिला अंतर्गत कोविड-19 संक्रमण की जांच हेतु 42 सेंटर बनाये गये है। **जानकारी संलग्न प्रपत्र ''ब''अनुसार है**। **(ग)** मुंगेली जिला अंतर्गत कोविड-19 की रोकथाम हेतु दिनांक 31.01.2022 तक प्रथम डोज-481003, द्वितीय डोज-226648 का टीकाकरण किया गया है तथा 165682-प्रथम डोज, 254353-द्वितीय डोज का टीकाकरण शेष था। शेष टीकाकरण को पूर्ण करना प्रगतिरत है-निश्चित समय-सीमा दिया जाना सम्भव नहीं।
[संलग्न "परिशिष्ट - तैंतीस"]

जिला मुंगेली अंतर्गत संचालित महाविद्यालय

[उच्च शिक्षा]

13. (क्र. 602) श्री धर्मजीत सिंह : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** मुंगेली जिले में कहां-कहां शासकीय महाविद्यालय संचालित हैं, स्थान सहित वर्ष 2021 में वर्ष , प्रवेश संख्या सहित बतावें? **(ख)** कंडिका "क" के महाविद्यालयों के लिए प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक के कितने -कितने पद स्वीकृत हैं, कितने भरे हैं, कितने रिक्त हैं? **(ग)** कंडिका "ख" के रिक्त पदों पर कितने अतिथि शिक्षक नियुक्त किये गये हैं, रिक्त पद पर विषय संबद्ध शिक्षक उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में अध्ययन -अध्यापन की क्या व्यवस्था की गई है?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जानकारी **प्रपत्रमें संलग्न** है।**(ख)** कंडिका ''क'' के महाविद्यालयों के लिए प्राध्यापक के 9 पद स्वीकृत, भरे निरंक एवं 9 पद रिक्त है तथा सहायक प्राध्यापक के 85 पद स्वीकृत है 59 पद भरे एवं 26 पद रिक्त है।**(ग)** कंडिका ''ख'' के रिक्त पदों पर 32 अतिथि व्याख्याता नियुक्त किये गये है। महाविद्यालयों में रिक्त प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पद के विरूद्ध अतिथि व्याख्याता द्वारा अध्ययन-अध्यापन की व्यवस्था की गयी है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौंतीस"]

अस्थाई कोविड सेंटर की स्थापना

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

14. (क्र. 643) डॉ. रेणु अजीत जोगी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** विगत् सत्र मई, 2021 से लेकर अगस्त, 2021 तक कितने अस्थाई कोविड सेंटर बनाए गए थे और उनमें कितने मरीजों का इलाज किया गया था? जिलेवार एवं विकासखण्डवार कोविड सेन्टर का नाम एवं मरीजों की संख्या की जानकारी देवें। **(ख)** उक्त अस्थाई कोविड सेंटरों में मरीजों के इलाज एवं रहने-खाने की व्यवस्था में कुल कितनी राशि खर्च हुई? कोविड सेंटर के नाम एवं खर्च की राशि की जानकारी देवें। **(ग)** विभिन्न व्यवसायिक, निजी संगठन एवं अन्य स्त्रोतों से कोविड-19 महामारी के रोकथाम एवं मरीजों के इलाज हेतु मुख्यमंत्री सहायता कोष में कितनी सहायता राशि प्राप्त हुई तथा उसमें से कितनी राशि खर्च हुई है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''** अनुसार है। **(ग)** मुख्यमंत्री सहायता कोष में विभिन्न व्यवसायिक, निजी संगठन एवं अन्य स्त्रोतों से केवल ''कोविड-19 महामारी के रोकथाम एवं मरीजों के इलाज हेतु'' प्राप्त राशि की जानकारी दिया जाना संभव नहीं है, तथापि दिनांक 01.01.2020 से 28.02.2022 तक मुख्यमंत्री सहायता कोष में विभिन्न दानदाताओं से कुल राशि रूपये 87 करोड़ 68 लाख 74 हजार 363.50 प्राप्त हुए एवं कोविड-19 के संक्रमण एवं रोकथाम से संबंधित गतिविधियों के संचालन हेतु कुल राशि रूपये 77 करोड़ 83 लाख 19 हजार 803.00 खर्च करने हेतु जिला कलेक्टरों एवं परिवहन विभाग को आबंटित की गई है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतीस"]

कोंडागांव जिले में स्टेडियम,मिनी स्टेडियम एवं खेल मैदान निर्माण कार्य की स्वीकृति
[खेल एवं युवा कल्याण]

15. (क्र. 680) श्री सन्त राम नेताम : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-कोंडागांव जिले में कहां–कहां स्टेडियम, मिनी स्टेडियम एवं खेल मैदान निर्माण कार्य तथा मरम्मत/नवीनीकरण कार्य स्वीकृत एवं निर्माणाधीन हैं ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :केवल कोंडागांव में 01 स्टेडियम निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है, जो निर्माणाधीन है।

केशकाल विधानसभा क्षेत्र में मनरेगा के तहत सम्पादित कार्य
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

16. (क्र. 681) श्री सन्त राम नेताम : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-केशकाल विधानसभा क्षेत्र में जनवरी, 2021 से 31 जनवरी, 2022 तक मनरेगा के तहत कितने कार्य, कितनी राशि से कराए गए हैं? उक्त में कितनी मजदूरी एवं सामग्री का भुगतान किया गया है ? कितनी भुगतान राशि शेष है ? विकासखंडवार जानकारी देवें?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - छत्तीस"]

बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में सड़क लाईट हेतु प्रदत्त कनेक्शन
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

17. (क्र. 752) श्री प्रमोद कुमार शर्मा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-क्या बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी ग्रामों में सड़क लाइट हेतु कनेक्शन दिया गया है ? यदि नहीं तो कितने ग्रामों में सड़क बत्ती कनेक्शन नहीं दिया गया है ? सड़क बत्ती कनेक्शन कब तक दे दिया जावेगा ? विकासखण्डवार ,ग्रामवार जानकारी देवें?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जी नहीं। जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतीस"]

रायगढ़ जिले के महाविद्यालयों में टीचिंग एवं नान टीचिंग स्टाफ के स्वीकृत, रिक्त एवं भरे पद
[उच्च शिक्षा]

18. (क्र. 767) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** 31.01.2022 की स्थिति में रायगढ़ जिले के विभिन्न महाविद्यालयों में प्राचार्य, प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक, लाइब्रेरियन, व्यायाम शिक्षक, कार्यालयीन एवं प्रयोगशाला स्टाफ के कितने-कितने पद स्वीकृत भरे एवं रिक्त हैं ? **(ख)** प्राचार्य, प्राध्यापक या अन्य पदोन्नति से भरे जाने वाले पदों के लिए विभाग ने डीपीसी हेतु प्रस्ताव अनुमोदन के लिए कब-कब लोक सेवा आयोग को भेजा है या कब तक भेजा जाएगा ? **(ग)** लोक सेवा आयोग के द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद की भर्ती हेतु कब-कब विज्ञापन जारी किया गया तथा उसकी पूर्ति हेतु कब-कब परीक्षा आयोजित की गई? उस परीक्षा के परिणाम क्या-क्या रहे और उन्हें कब तक नियुक्ति प्रदान कर दी जावेगी ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जानकारी **प्रपत्रपर संलग्न** है।**(ख)** प्राचार्य पद हेतु दिनांक 10.08.2021 को डी.पी.सी. आयोजित करने के लिए प्रस्ताव भेजा गया। प्राध्यापक पद हेतु कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अन्य पद हेतु - रजिस्ट्रार, दिनांक 19.02.2021, उप संचालक- दिनांक 06.04.2021, सहायक संचालक- दिनांक 22.06.2021, सहायक कुल सचिव- दिनांक 01.10.2021, उप कुल सचिव- दिनांक 23.09.2021 को प्रस्ताव भेजा गया। प्राध्यापक पद हेतु समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

(ग) लोक सेवा अयोग द्वारा सहायक प्राध्यापक के पद पर दिनांक 18.01.2019 को विज्ञापन जारी किया गया। जिसकी परीक्षा दिनांक 05.11.2020 से 08.11.2020 तक आयोजित की गई उक्त परीक्षा में विभिन्न विषयों के कुल 1205 अभ्यर्थी चयनित हुये नियुक्ति की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नियुक्ति की निश्चित समयावधि बताया जाना संभव नहीं है।

[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तीस"]

प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़कों के निर्माण में प्राप्त शिकायतों का निराकरण

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

19. (क्र. 859) श्री प्रकाश शक्राजीत नायक : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** रायगढ़ जिला अंतर्गत पीएमजीएसवाई एवं एमएमजीएसवाई की ऐसी कौन-कौन सी सड़कें हैं, जिनका निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिनकी अवधि पांच वर्ष पूर्ण न होने के पूर्व से ही सड़कों के संधारण, मरम्मत कार्य हेतु संबंधित ठेकेदारों को निर्देशित किया गया है ? तिथि सहित विकासखण्वार सड़कों की जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' अनुसार ठेकेदार द्वारा कब तक पाट होल्स, डिप्रेस्ड भाग के सड़क का सघन मरम्मत कार्य पूर्ण कर लिया जावेगा ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) रायगढ़ जिला अंतर्गत प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना जानकारी **''निरंक''** है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना की सड़क मल्दा बंजारी मंदिर से मकरी कॅवरगुड़ा कुधरगढ़ी से नीचे होते हुए चंद्रपुर बरमकेला मुख्यमार्ग तक विकासखण्ड बरमकेला की निर्माण अवधि 05 वर्ष पूर्ण न होने के पूर्व से ही नियमित संधारण के तहत मरम्मत हेतु संबंधित ठेकेदारों को दिनांक 23.02.2022 को निर्देशित किया गया है। **(ख)** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत प्रश्नांक 'क' की जानकारी **''निरंक''** है एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना के अंतर्गत सड़क में ठेकेदार द्वारा दिनांक 22.03.2022 तक पॉट होल्स, डिप्रेस्ड भाग के सड़क का सघन मरम्मत कार्य पूर्ण कराये जाने की तिथि निर्धारित की गई है।

नये उद्योगों की स्थापना

[वाणिज्य एवं उद्योग]

20. (क्र. 874) श्री धनेन्द्र साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-रायपुर जिले में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में नये उद्योगों को स्थापित करने के लिए कितने औद्योगिक क्षेत्र कहां-कहां उपलब्ध हैं ? नयी उद्योग नीति अनुसार रायपुर जिले में कितने एवं कौन-कौन से उद्यागों को स्थापित करने हेतु जनवरी,2022 तक आवेदन प्राप्त हुआ है तथाकौन -कौन से उद्योग स्थापित हो चुके हैं ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : रायपुर जिले में वर्ष 2019-20, 2020-21 एवं 2021-22 में नये उद्योगों को स्थापित करने के लिए 11 औद्योगिक क्षेत्र उपलब्ध है, स्थापित औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी निम्नानुसार है:-

क्र.	स्थापित औद्योगिक क्षेत्र का नाम
1	औद्योगिक क्षेत्र, उरला (गोगांव, सोनडोंगरी, सरोरा, गोंदवारा सम्मिलित)
2	औद्योगिक क्षेत्र, सिलतरा फेस-1
3	औद्योगिक क्षेत्र, सिलतरा फेस-2
4	औद्योगिक क्षेत्र, भनपुरी
5	औद्योगिक क्षेत्र, मेटल पार्क फेस-1
6	औद्योगिक क्षेत्र, मेटल पार्क फेस-2
7	औद्योगिक क्षेत्र, आमासिवनी
8	औद्योगिक क्षेत्र, रावाभांठा
9	औद्योगिक क्षेत्र, तेंदुआ
10	औद्योगिक क्षेत्र, बरतोरी, तिल्दा
11	इलेक्ट्रानिक मेन्युफेक्चिरिंग क्लस्टर, ग्राम-तुता, नवा रायपुर

नयी उद्योग नीति अनुसार जनवरी 2022 तक रायपुर जिले में स्टील से संबंधित उत्पाद जैसे वायर ड्राईंग, स्टील फेब्रिकेशन, रोलिंग मिल, पी.व्ही.सी. वाटर स्टोरेज टैंक, केमिकल, ई-व्हीकल एवं ब्रिक्स इत्यादि से संबंधित उद्योग स्थापित करने हेतु कुल 115 आवेदन प्राप्त हुए हैं तथा औद्योगिक क्षेत्रों में 01 नबम्बर 2019 से जनवरी 2022 तक 22 उद्योग स्थापित हुए है। स्थापित उद्योगों की सूची **संलग्नप्रपत्र** पर दर्शित है
[संलग्न "परिशिष्ट - उनतालीस"]

महाविद्यालयों में स्वीकृति/पदस्थ/रिक्त पद

[उच्च शिक्षा]

21. (क्र. 875) श्री धनेन्द्र साहू : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** अभनपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नवीन कन्या महाविद्यालय, गोबरा-नवापारा, श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय (गोबरा-नवापारा), एवं शासकीय काव्योपाध्याय हीरालाल महाविद्यालय, अभनपुर में उच्च शिक्षा विभाग के द्वारा विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं,प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारियों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? **(ख)** वर्णित''क'' के तीनों महाविद्यालयों में स्वीकृत पद के अनुसार वर्तमान में कौन-कौन से विषय के कितने-कितने व्याख्याता, प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारी पदस्थ है एवं कितने पद रिक्त हैं ? तथा इन रिक्त पदों पर कब तक पदस्थापना की जावेगी ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) प्रश्नाधीन महाविद्यालयों में व्याख्याताओं का पद स्वीकृत नहीं है, प्राचार्य एवं अन्य कर्मचारियों के स्वीकृत पदों की जानकारी **प्रपत्र पर संलग्न**है।**(ख)** कंडिका ''क'' के तीनों महाविद्यालयों में स्वीकृत पद के अनुसार पदस्थ एवं रिक्त पदों की जानकारी प्रपत्र पर संलग्न है। रिक्त पदों पर पदस्थापना के संबंध में समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चालीस"]

ग्राम पंचायत केरा में निर्मित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

22. (क्र. 896) श्रीमती इंदू बंजारे : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-पामगढ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केरा में कितनी लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है ? क्या निर्मित भवन में घटिया निर्माण की शिकायत प्राप्त हुई है ?यदि शिकायत प्राप्त हुई है तो उस पर क्या कार्यवाही की गयी है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : पामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत केरा में राशि रूपयें 190.35 लाख से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवन निर्माण किया गया है। हॉ, निर्मित भवन में गुणवत्ता विहीन कार्य एवं अनियमिता की जॉच के संबंध में संभाग कार्यालय बिलासपुर में दिनांक 12.06.2021 को शिकायत प्राप्त हुई है। उक्त शिकायत पत्र पर कार्यपालन अभियंता बिलासपुर संभाग, द्वारा शिकायत के प्रत्येक बिन्दु पर परीक्षण किया गया। शिकायत की बिन्दु यथा गुणवत्ता परीक्षण परिणाम ड्राईंग डिजाईन के अनुरूप होना तथा मानक बाबत् सभी जांच परिक्षण में प्रावधान अनुरूप पाए गए। चूंकि शिकायत परिक्षण में कमी नहीं पाई गई इसलिए शिकायतकर्ता को दिनांक 07.07.2021 के पत्र द्वारा तथ्यों से अवगत कराया गया।

कोविड 19 से मृत व्यक्तियों के परिवारों को मुआवजा वितरण

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

23. (क्र. 905) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में 31 जनवरी 2022 तक कोविड 99 से कितने लोगों की मृत्यु हुई है ? मृत व्यक्तियों के परिवारों को कितना मुआवजा दिए जाने का प्रावधान है ? **(ख)** उपरोक्तानुसार कितने मृत व्यक्तियों के परिवारों को 31 जनवरी 2022 तक मुआवजा दिया गया है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) प्रदेश में 31 जनवरी 2022 तक कोविड-19 से 13853 लोगों की मृत्यु हुई है। मृत व्यक्तियों के परिवारों को प्रति व्यक्ति रूपयें 50000/- अनुग्रह राशि देने का प्रावधान है। **(ख)** 19318 मृत व्यक्तियों के परिवारों को 31 जनवरी, 2022 तक मुआवजा राशि भुगतान किया गया है।

<u>विधानसभा लैलूंगा अंतर्गत संचालित उद्योग (सयंत्र)में स्थानीय लोगों को प्रदत्त रोजगार एवं मुआवजा</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

24. (क्र. 989) श्री चक्रधर सिंह सिदार : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र एवं विकासखंड तमनार में कितने वृहद उद्योग (संयंत्र) स्थापित हैं विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)** विगत 3 वर्षों में कंपनियों द्वारा कितने स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है? **(ग)** क्या विगत 3 वर्षों में कंपनियों द्वारा जमीन अधिग्रहण कर भूस्वामी को मुआवजा राशि एवं रोजगार दिया गया हैं? हां तो विकासखंडवार जानकारी देवें ?अगर नहीं तो क्यों?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र एवं विकासखंड तमनार में 16 वृहद उद्योग (संयंत्र) स्थापित है। विकासखण्डवार जानकारी निम्नानुसार है -

क्र.	विकासखण्ड का नाम	स्थापित उद्योग (संयंत्र) की संख्या
1	घरघोड़ा	02
2	तमनार	14
3	लैलूंगा	निरंक
4	रायगढ़	निरंक

(ख) विगत 03 वर्षों में कंपनियों द्वारा 482 स्थानीय लोगों को रोजगार मुहैया कराया गया है।**(ग)**नहीं, विगत 03 वर्षों में लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र एवं तमनार विकासखण्ड में औद्योगिक प्रयोजन हेतु भूमि का अधिग्रहण नहीं किया गया है। अतः मुआवजा राशि एवं रोजगार दिये जाने का प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

<u>लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र में कंपनियों द्वारा विकास कार्य हेतु खर्च की गई राशि</u>

[वाणिज्य एवं उद्योग]

25. (क्र. 990) श्री चक्रधर सिंह सिदार : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** लैलूंगा विधानसभा क्षेत्र एवं विकासखंड तमनार में स्थित उद्योगों(सयंत्रों)द्वारा पिछले 3 वित्तीय वर्ष और वर्तमान वित्तीय वर्ष में कब-कब कितनी कितनी राशि किस किस कार्य के लिए खर्च की गई है? **(ख)** निर्माण एजेंसी के नाम के साथ जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) उद्योगों द्वारा कार्यो पर व्यय की जाने वाली राशि की जानकारी शासन द्वारा एकत्र नहीं की जाती है।**(ख)** उत्तरांश **(क)** अनुसार प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

<u>उत्कृष्ट खिलाड़ियों को शसकीय सेवा एवं खेल पुरस्कार</u>

[खेल एवं युवा कल्याण]

26. (क्र. 1008) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** दिनांक 01.12.2019 से 31.01.2022 तक विभाग द्वारा कौन-कौन से खेल पुरस्कार दिये गये हैं, पात्रता एवं मापदंण्ड क्या है? **(ख)** आलोच्य अवधि में किन-किन खेलों हेतु किन-किन खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया है विवरण देवें, साथ ही उक्त अवधि में कितने खिलाड़ियों को शासकीय सेवा प्रदान की गई है ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) प्रश्नांश अवधि में गुण्डाधुर सम्मान एवं महाराजा प्रवीर चन्द्र भंजदेव सम्मान दिए गए हैं, छत्तीसगढ़ राजपत्र अधिसूचना 22 सितंबर, 2007 में पात्रता एवं मापदण्ड समाहित है। **(ख)** आलोच्य अवधि में बैडमिन्टन खेल में आकर्षि कश्यप, तीरंदाजी खेल में सर्वज्ञ सिंह मरकाम, व्हीलचेयर फेंसिंग में रोहिणी साहू को पुरूस्कृत किया गया है। उक्त अवधि में किसी भी खिलाड़ी को शासकीय सेवा में नियुक्ति नहीं दी गई है।

दुर्ग संभाग में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालयों का निर्माण
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

27. (क्र. 1067) श्री अरुण वोरा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**. दुर्ग संभाग में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेस-2 के अंतर्गत कितने ग्राम पंचायतों में कितने शौचालय बनाए गए? इनकी लागत क्या है? जिलेवार जानकारी दें? **(ख)** उक्त योजनांतर्गत ग्राम पंचायतो में हितग्राहियों द्वारा अपने स्वयं के व्यय पर कितने निजी शौचालय का निर्माण किया गया? जिलेवार जानकारी दें?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है। **(ख)** जिलेवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इक्तालीस"]

जिला रायगढ़ अंतर्गत भवन विहीन जर्जर स्वास्थ्य केंद्र भवन
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

28. (क्र. 1094) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला रायगढ़ अंतर्गत भवन विहिन स्वास्थ्य केंद्र एवं जर्जर भवन कितने हैं संस्थावार जानकारी देवें? **(ख)** जर्जर /भवन विहिन स्वास्थ्य केंद्र हेतु नया भवन निर्माण हेतु कब तक स्वीकृति प्रदान की जाएगी?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्नप्रपत्र** पर दर्षित है।**(ख)** 1 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, 4 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं 7 उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन स्वीकृत किये जा चुके है। शेष के लिये समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बयालीस"]

प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवास निर्माण
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

29. (क्र. 1095) श्री लालजीत सिंह राठिया : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)**जिला रायगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत जनवरी, 2019 से जनवरी, 2022 तक की स्थिति में कितने आवास स्वीकृत हुए हैं? स्वीकृत आवास की अद्यतन स्थिति क्या है? कितने निर्माण के कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, कितने अपूर्ण हैं, विकासखंडवार जानकारी देवें? **(ख)**क्या आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत राशि का भुगतान कर दिया गया है? कितना शेष है, कब तक भुगतान पूर्ण कर लिया जाएगा?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीणः- विकासखंडवार जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ''** में दर्शित है। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-ब''** में दर्शित है। **(ख)** प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीणः- जी हॉ। 3642 आवास निर्माण कार्य पूर्ण होने के उपरांत राशि रू. 3604.25 रुपये लाख का भुगतान कर दिया गया है, राशि रू. 766.15 लाख शेष है, राशि उपलब्ध होने पर भुगतान कर दिया जायेगा। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) जानकारी **संलग्न ''प्रपपत्र-स''** में दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरालीस"]

मदिरा दुकान में कार्यरत कर्मचारी
[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

30. (क्र. 1096) श्री नारायण चंदेल : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :- **(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले में कितनी मदिरा दुकान संचालित हैं ? समस्त मदिरा दुकानों में कितने कर्मचारी कार्यरत हैं? **(ख)** क्या उक्त मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को मैनपावर कंपनियों द्वारा जबरन सेवा से मुक्त करने की धमकी देकर उगाही किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? **(ग)** क्या उक्त समस्त मदिरा दुकानों में मिलावट कर स्थानीय कर्मचारियों को परेशान किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां तो इस पर क्या कार्यवाही की गई ? **(घ)** क्या उक्त जिले के समस्त मदिरा दुकानों में कर्मचारियों को बेवजह कार्यमुक्त किया गया है? यदि हां तो कितने

कर्मचारियों को कार्यमुक्त किया गया है? इस हेतु कौन दोषी है, दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है? कृपया बतायें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) जांजगीर चांपा जिले में कुल 64 मदिरा दुकान संचालित हैं, समस्त मदिरा दुकानों में कुल 409 कर्मचारी कार्यरत हैं। **(ख)** उक्त मदिरा दुकानों में कार्यरत कर्मचारियों को मैनपावर कंपनियों द्वारा जबरन सेवा से मुक्त करने की धमकी देकर उगाही किये जाने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(ग)** उक्त समस्त मदिरा दुकानों में मिलावट कर स्थानीय कर्मचारियों को परेशान किये जाने की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। **(घ)** उक्त जिले के समस्त मदिरा दुकानों में कर्मचारियों को बेवजह कार्यमुक्त नहीं किया गया है।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत निर्माण कार्य

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

31. (क्र. 1097) श्री नारायण चंदेल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जांजगीर-चाम्पा जिले के बलौदा से पहरिया मार्ग, मुख्य मार्ग से केवा भादा, नवापारा, राछाभांठा से बरबसपुर, सेमरा से रिंगनी के निर्माण कार्य की लागत राशि व दूरी क्या है ? कार्य प्रारंभ व पूर्णता की तिथि क्या है? **(ख)** क्या उक्त सड़क के निर्माण कार्य में निर्माण एजेंसी/ठेकेदार द्वारा शासन के नियमों व मापदण्डों के अनुरूप कार्य नहीं किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई है? यदि हां, तो इन शिकायतों पर कब-कब क्या-क्या कार्यवाही की गई है ? **(ग)** उक्त मार्ग में स्तरहीन तथा घटिया कार्य किये जाने हेतु कौन दोषी हैं, दोषियों के विरूद्ध क्या-क्या कार्यवाही की गई है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) मुख्य मार्ग से केवा भादा, नवापारा सड़क की स्वीकृति नही हुई हैं, अपितु बिरगहनी रोड से भादा तथा बिरगहनी रोड से नवापारा स्वीकृत हुआ है, जिसकी जानकारी प्रश्नांक ''क'' में उल्लेखित अन्य सड़कों के साथ**संलग्नप्रपत्र 'अ'** अनुसार है । **(ख)** प्रश्नांक ''ख'' की जानकारी**संलग्नप्रपत्र 'ब'** में दर्शित है। **(ग)** प्रश्नांक ''ग'' की जानकारी **निरंक** है, प्रश्न उपस्थित नही होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - चवालीस"]

सहायक प्राध्यापकों के निःशक्तजनों के लिए आरक्षित बैकलाग पदों को विज्ञापित करने की प्रक्रिया

[उच्च शिक्षा]

32. (क्र. 1104) श्री सत्यनारायण शर्मा : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापकों के निःशक्तजनों के लिए आरक्षित बैकलाग पदों कों नए भर्ती के रिक्त पदों के अलावा अलग से वर्गवार (अजा., अजजा., अपिव., अना.), वर्षवार एवं विषयवार विज्ञापित किया जाता है अथवा नई भर्ती वर्ष के रिक्त पदों के साथ मिलाकर (मिक्स करके) विज्ञापन जारी कर चयन प्रक्रिया की जाती है? **(ख)** उक्त "क" से संदर्भ में कौन सी प्रक्रिया का पालन वर्ष 2019 में विज्ञापित रिक्तियों को भरने की प्रक्रिया में किया गया है? **(ग)** निःशक्तजनों के वर्ष 2019 में विज्ञापित रिक्तियों के नहीं भरे जा सके कितने पद आगामी चयन वर्ष में बैकलाग के रूप में अग्रणीत किए गए हैं? वर्गवार (अजा, अजजा, अपिव, अना.), वर्षवार एवं विषयवार जानकारी देवें?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 27.09.2014 की कण्डिका-12 अनुसार सीधे भर्ती के मामले में आरक्षण की आपसी अदला-बदली और पदों का अग्रणित (कैरी फारवर्ड) करने के निर्देश है।**(ख)** कंडिका ''क'' में वर्णित प्रक्रिया का पालन किया गया।**(ग)** वर्तमान में सहायक प्राध्यापक के नियुक्ति आदेश जारी करने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। नियुक्ति आदेश जारी करने के उपरांत वर्ष 2019 में रिक्त पदों को बैकलॉग के रूप में आगामी भर्ती में अग्रणीत किया जा सकेगा।

राजनांदगांव जिले में अवैध शराब की खरीदी बिक्री

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

33. (क्र. 1106) श्री दलेश्वर साहू : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-वर्ष 2021 से दिनांक 15/2/2022 तक क्या राजनांदगांव जिले में अवैध शराब की खरीदी बिक्री के सम्बन्ध में प्रकरण दर्ज किया गया है? यदि हाँ तो किन-किन विकासखंड में कितने प्रकरण दर्ज करते हुए कार्यवाही की गयी है? वर्षवार विकासखंड वार जानकारी देवें?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) वर्ष 2021 से दिनांक 15.02.2022 तक राजनांदगांव जिले में अवैध शराब की खरीदी बिक्री के संबंध में आबकारी विभाग के दर्ज प्रकरणों की वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी**संलग्न प्रपत्र-अ** अनुसार है एवं पुलिस विभाग के दर्ज प्रकरणों की वर्षवार एवं विकासखंडवार जानकारी**संलग्न प्रपत्र-ब** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पैंतालीस"]

जिला चिकित्सालय, धमतरी
[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

34. (क्र. 1113) श्रीमती रंजना डीपेन्द्र साहू : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** धमतरी जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला चिकित्सालय धमतरी (सिविल सर्जन) के द्वारा 01 जनवरी, 2019 से 31जनवरी, 2022 तक किस किस मद से कितनी राशि की दवाईयां, चिकित्सकीय उपकरण एवं सामग्रियां किस माध्यम से खरीदी की गई? उक्त खरीदी हेतु किस व्यक्ति या फर्म को कार्यादेश जारी किया गया? **(ग)** क्या जिला चिकित्सालय धमतरी में वर्ष 2021-22 में दवाई उपकरण खरीदी में अनियमितता एवं अधिक दर पर सामग्री खरीदी की शिकायत प्राप्त हुई थी? यदि हां तो उक्त शिकायत पर क्या कार्यवाही की गई?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।**(ख)** जी हाँ, दवाई उपकरण खरीदी में अनियमिता बाबत् दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 10.04.2022 के समाचार छपने पर कलेक्टर द्वारा जांच कराई गई, जिसमें शिकायत की पुष्टि नहीं होना प्रतिवेदित किया गया।
[संलग्न "परिशिष्ट - छियालीस"]

महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत लंबित मजदूरी एवं सामग्री की राशि का भुगतान
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

35. (क्र. 1115) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-बालोद जिले में 31जनवरी, 2022 की स्थिति में महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत मजदूरी एवं सामग्री की कितनी-कितनी राशि का भुगतान कब से एवं किन कारणों से लंबित है ? जनपदवार जानकारी देवें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : बालोद जिले में 31 जनवरी, 2022 की स्थिति में महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत मजदूरी भुगतान लंबित नहीं है। जनपद पंचायत गुण्डरदेही में राशि रू. 456.94 लाख, बालोद में राशि रू. 213.88 लाख, गुरूर में राशि रू. 367.04 लाख, डौण्डी में राशि रू. 281.28 लाख एवं डौण्डीलोहारा में राशि रू. 600.63 लाख सामग्री का भुगतान भारत सरकार से आबंटन अप्राप्त होने के कारण जुलाई, 2021 से लंबित है।

जिला बालोद में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजनांतर्गत नवीन सडक निर्माण एवं मरम्मत/संधारण हेतु स्वीकृत राशि
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

36. (क्र. 1116) श्रीमती संगीता सिन्हा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बालोद जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 से 31 जनवरी, 2022 तक किन-किन नवीन सड़कों के निर्माण एवं किन-किन सड़कों के मरम्मत/संधारण हेतु कितना आबंटन प्राप्त हुआ है? स्वीकृत नवीन कार्य एवं मरम्मत/संधारण कार्यों का संपादन किन-किन फर्म/एजेंसी/ठेकेदारों के द्वारा किया गया है? **(ख)** क्या कण्डिका 'क' में स्वीकृत सभी कार्य पूर्ण हो चुके हैं? पूर्ण हुए किन-किन सडकों पर कितनी राशि निर्माण/मरम्मत हेतु व्यय की गयी है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न प्रपत्र** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सैंतालीस"]

पंचायत कर्मियों (सचिव) के आश्रितों को अनुकम्पा नियुक्ति

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

37. (क्र. 1118) श्री पुन्नूलाल मोहले : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश में पंचायत कर्मियों (सचिव) की सेवा भर्ती नियम के अनुसार दिवंगत पंचायत कर्मियों (सचिव) के आश्रित परिजनों को, अन्य शासकीय सेवकों के आश्रित परिजन के अनुसार तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में अनुकम्पा नियुक्ति का प्रावधान है? यदि हॉ तो वर्ष 2020-21 से दिनांक 15/02/2022 तक कितने आश्रितों की तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में अनुकम्पा नियुक्ति दी गई है, जिलेवार बतावे? यदि नहीं तो क्यों?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जी नहीं। प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

सिहावा विधानसभा में MMGSY/PMGSY की सड़कें

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

38. (क्र. 1128) डॉ. लक्ष्मी ध्रुव : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** सिहावा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत MMGSY/PMGSY के अधीन कितनी सड़कें हैं? इन सड़कों का निर्माण कब किया गया? क्या बनने के बाद इन सड़कों की मरम्मत भी कभी की गयी है? कृपया विगत 3 वर्ष में मरम्मत हेतु जारी आबंटन एवं व्यय का आंकड़ा देवें? **(ख)** क्या उक्त सड़कों में से किन सड़कों के अत्यंत जर्जर होने तथा तत्काल मरम्मत किये जाने से संबंधित कोई शिकायत, सूचना अथवा प्रस्ताव प्राप्त हुआ है? **(ग)** यदि हां तो इन पर क्या कार्यवाही की जा रही है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) मुख्यमंत्री ग्राम सड़क एवं विकास योजना की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र अ''** अनुसार है। जी हाँ। सड़क बनने के बाद अनुबंधानुसार मूल ठेकेदार द्वारा नियमित संधारण के तहत मरम्मत किया गया है। विगत 03 वर्षों में नियमित संधारण के तहत मरम्मत हेतु जारी आबंटन राशि रू. 16.82 लाख एवं व्यय राशि रू. 16.82 लाख है। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र ब''** अनुसार है। जी हाँ। सड़क बनने के बाद अनुबंधानुसार मूल ठेकेदार द्वारा नियमित संधारण के तहत मरम्मत किया गया है। विगत 03 वर्षों में नियमित संधारण के तहत मरम्मत हेतु जारी आबंटन राशि रू. 223.76 लाख एवं व्यय राशि रू. 223.76 लाख है। **(ख)** जानकारी **''निरंक''** है। **(ग)** प्रश्न उपस्थित नहीं होता है।
[संलग्न "परिशिष्ट - अड़तालीस"]

राज्य परियोजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा)

[उच्च शिक्षा]

39. (क्र. 1133) श्री धरम लाल कौशिक : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या राज्य परियोजना राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अंतर्गत 01 अप्रैल, 2019 से 10 फरवरी, 2022 तक राशि उपलब्ध करायी गयी है, यदि हां तो कितनी राशि किन-किन कार्यो के लिए उपलब्ध कराई गई है व किन-किन कार्यो में कितनी-कितनी राशि खर्च की गई है व कितनी शेष है ? **(ख)** क्या कंडिका "क" अनुसार राशि के व्यय में अनियमितता की शिकायत प्राप्त हुई है ? यदि हां, तो कब-कब किसके द्वारा क्या-क्या शिकायत की गई व किसके द्वारा जाँच की गई तथा जाँच के क्या निष्कर्ष थे व कौन दोषी पाया गया ? प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में शैक्षणिक कार्यो के लिए किस-किस संवर्ग के कुल कितने पद स्वीकृत, भरे व रिक्त, है तथा कंडिका "क" अवधि में कितने पदों को भरा गया है ? संवर्गवार बतावें?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : जी हॉ । प्रश्नांश अवधि में रूसा अंतर्गत उपलब्ध, व्यय एवं शेष राशि का विवरण निम्नानुसार हैः- राशि करोड़ रू. में

कार्य	उपलब्ध राशि	खर्च राशि	शेष राशि
महाविद्यालय अद्योसंरचना विकास	37.56	37.56	निरंक
विश्वविद्यालय अद्योसंरचना विकास	60.42	60.42	निरंक

आदर्श महाविद्यालय की स्थापना	13.75	13.75	निरंक
स्वशासी महाविद्यालय की गुणवत्ता एवं उत्कृष्टता उन्नयन	2.50	1.50	1.00
योग	114.23	113.23	1.00

(ख) जी हाँ। चाही गई जानकारी **प्रपत्रपर संलग्न** है। प्रश्न दिनांक की स्थिति में प्रदेश में शैक्षणिक कार्यो के लिए निम्न संवर्गो में निम्नानुसार पद स्वीकृत, भरे व रिक्त थे:-

क्रं.	पदनाम	स्वीकृत	कार्यरत	रिक्त
1	प्राचार्य	278	65	213
2	प्राध्यापक	595	0	595
3	सहायक प्राध्यापक	4344	2469	1875
4	रजिस्ट्रार	18	9	9
5	क्रीड़ाधिकारी	148	77	71
6	ग्रंथपाल	156	86	70
7	प्रयोगशाला तकनीशियन	1143	592	551

कंडिका ‘‘क‘‘ अवधि में निम्न पदों को भरा गया है (संवर्गवार जानकारी):-

क्रं.	पदनाम	कुल नियुक्तियों की संख्या
1	सहायक प्राध्यापक	441
2	क्रीड़ाधिकारी	38
3	ग्रंथपाल	37

प्रयोगशाला तकनीशियन के कुल 113 पदों को पदोन्नति के माध्यम से भरा गया है।
[संलग्न "परिशिष्ट - उन्चास"]

पंचायत विभाग के अंतर्गत गठित स्व सहायता समूह

[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

40. (क्र. 1134) श्री धरम लाल कौशिक : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** पंचायत विभाग के अंतर्गत कुल कितने स्व सहायता समूह गठित हैं, इन पर दिनांक 10 फरवरी, 2022 की स्थिति में बैंक का कितना ऋण शेष है ? समूह, संख्यावार, जिलेवार, राशिवार जानकारी देवें ? **(ख)** क्या कोई अध्ययन करवाया गया है, जिसमें समूहों की आर्थिक व सामाजिक स्थिति में परिवर्तन सम्बंधी रिपोर्ट दी गई है ? यदि हां किस संस्था के द्वारा कब अध्ययन कराया गया है और उनके प्रमुख सुझाव व निष्कर्ष क्या थे ? **(ग)** राज्य सरकार द्वारा आत्मसात जन घोषणा पत्र 2018 में क्या महिला स्व सहायता समूह के ऋणों को माफ करने घोषणा की गई थी ? यदि हां तो कंडिका "क" अनुसार कितने समूहों का ऋण माफ किया गया है, कितनों का शेष है और कब तक माफ किया जावेगा ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत कुल 207776 स्व सहायता समूह गठित है। जानकारी **संलग्न ’’प्रपत्र’’** अनुसार है। **(ख)** जी नही। प्रश्न ही उद्भूत नहीं होता। **(ग)** जी हॉ। महिला समूहों के ऋण माफ करने के संबंध में निर्णय नही होने के कारण शेष प्रश्नांश का उत्तर उद्भूत ही नहीं होता।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचास "]

एनआरसी संचालन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

41. (क्र. 1138) श्री रजनीश कुमार सिंह : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बिलासपुर संभाग में कुल कितने एनआरसी संचालित हैं, इनमें 01 जनवरी, 2020 से जनवरी, 2022 तक कितने कुपोषित बच्चे

भर्ती हुए, कितने कुपोषण से बाहर हुए और कितने कुपोषित रहे ? संख्या व प्रतिशतवार जानकारी देंवे। इसमें से कितने बच्चों की एनआरसी में भर्ती के दौरान या उसके पश्चात मृत्यु हुई है ? वर्षवार, जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार एनआरसी में कितने हितग्राहियों को, कितनी राशि भुगतान की जानी शेष है तथा कब तक भुगतान की जावेगी ? बिलासपुर जिले में प्रश्नांकित अवधि में कितने नवजात व 5 वर्ष से कम बच्चों की मृत्यु हुई है और इसमें कितने कुपोषित हैं ? वर्षवार जानकारी देवें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) बिलासपुर संभाग में कुल 24 एनआरसी संचालित है। जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''अ''**अनुसार है।**(ख)** कंडिका ''अ'' अनुसार एनआरसी में बिलासपुर संभाग अंतर्गत 18 हितग्राहियों को कुल राशि रू. 40,500/- मात्र, माह जनवरी 2022 का भुगतान शेष है। संबंधित हितग्राहियों का सहीं बैंक खाता संख्या की जानकारी प्राप्त होने पर एवं बजट आबंटन उपरांत सभी शेष हितग्राहियों को भुगतान की जावेगी। नवजात व 5 वर्ष से कम बच्चों की मृत्यु एवं कुपोषित बच्चों की वर्षवार जानकारी **संलग्न प्रपत्र ''ब''**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - इन्क्यावन"]

कौशल विकास विभाग द्वारा प्रशिक्षण उपरांत रोजगार का प्रदाय l
[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

42. (क्र. 1139) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला बिलासपुर में कौशल विकास योजना अंतर्गत जनवरी, 2018 से जनवरी, 2022 की अवधि में कितनी एजेंसियों के माध्यम से कितने हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिलाया गया और कितनी राशि एजेंसियों को दी गई ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार प्रशिक्षण उपरांत कितने हितग्राहियों को रोजगार प्रदान किया गया है ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : (क) जिला बिलासपुर में कौशल विकास योजना अंतर्गत जनवरी, 2018 से जनवरी, 2022 की अवधि में 47 प्रशिक्षण केंद्रों (एजेंसियों) के माध्यम से 4675 हितग्राहियों को प्रशिक्षण दिलाया गया और राशि 5,75,74,049 (पांच करोड़ पचहत्तर लाख चौहत्तर हजार उनचास) रूपये प्रशिक्षण केंद्रों (एजेंसियों) को भुगतान किया गया हैl **(ख)** कंडिका "क" अनुसार प्रशिक्षण उपरांत 2316 हितग्राहियों को रोजगार प्रदान किया गया हैl

ब्याज राशि का उपयोग l
[पंचायत एवं ग्रामीण विकास]

43. (क्र. 1142) डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष अवधि 2019-20 से 2021-22 तक में बिलासपुर जिला पंचायत और जनपद पंचायत मस्तुरी के विभिन्न खातों में जमा राशि से कितनी ब्याज राशि प्राप्त हुई है ? उक्त ब्याज राशियों का उपयोग कि -किन कार्यों में किया गया है ? **(ख)** कंडिका "क" अनुसार ब्याज राशियों का उपयोग किसकी अनुशंसा और किस मापदंड के आधार पर किया गया है ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ'' एवं ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है। **(ख)** जानकारी **संलग्न ''प्रपत्र-अ'' एवं ''प्रपत्र-ब''** अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - बावन"]

छत्तीसगढ़ प्रदेश के महाविद्यालय में प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के कार्यरत एवं रिक्त पद
[उच्च शिक्षा]

44. (क्र. 1143) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** छत्तीसगढ़ प्रदेश में कितने महाविद्यालय हैं, जिलेवार जानकारी देवें ? **(ख)** प्रश्नांक "क" अनुसार महाविद्यालयों में कितने प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है तथा कितने पद रिक्त हैं ? विषयवार जानकारी देवें ? **(ग)** रिक्त पदों की भर्ती के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है तथा कब तक भर्ती प्रक्रिया पूर्ण कर ली जावेगी, बतायें ? **(घ)** क्या प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक किसी अन्य विभाग में प्रतिनियुक्ति में पदस्थ है, बतायें ? (ङ)

क्या महाविद्यालयों में पद रिक्त हैं तो अन्य विभाग में प्रतिनियुक्ति में पदस्थ प्राचार्य, प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक को उनके मूल विभाग में वापस किया जावेगा, यदि हां तो कब तक किया जावेगा ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) छत्तीसगढ़ प्रदेश में कुल 279 शासकीय महाविद्यालय है, जिलेवार जानकारी **प्रपत्र''अ'' पर संलग्न** है।**(ख)** जानकारी **प्रपत्र''ब'' पर संलग्न** है।**(ग)** प्राचार्य का पद पदोन्नति का होने के कारण भर्ती का प्रश्न उपस्थित नहीं होता है। प्राध्यापक एवं सहायक प्राध्यापक के पदों पर भर्ती हेतु लोक सेवा आयोग के माध्यम से विज्ञापन जारी किया गया है। प्रशासकीय कारण से प्राध्यापक पद पर भर्ती वर्तमान में स्थगित की गयी है। सहायक प्राध्यापक पद हेतु चयनित सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। भर्ती प्रक्रिया पूर्ण होने की निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है।**(घ)** जी हां।(ड.) जी हां, महाविद्यालयों में पद रिक्त हैं, आवश्यक्तानुसार प्रतिनियुक्ति से वापस लेने की कार्यवाही की जायेगी। कार्यवाही की समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।
[संलग्न "परिशिष्ट - तिरपन"]

जिला जांजगीर चाम्पा में कोरोना काल के समय खरीदी गई दवाई एवं सामग्री

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

45. (क्र. 1144) श्री केशव प्रसाद चंद्रा : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-कोरोना काल प्रारंभ होने से दिनांक 10 फरवरी, 2022 तक जांजगीर चाम्पा जिला के जिला अस्पताल में कौन कौन सी दवाई एवं सामग्री किस मद से खरीदी की गई? सामग्री की संख्या एवं दर सहित बतायें ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : जानकारी **संलग्न प्रपत्र पर** दर्शित है।
[संलग्न "परिशिष्ट - चौवन"]

देशी तथा विदेशी शराब दुकानों से राजस्व

[वाणिज्यिक कर (आबकारी)]

46. (क्र. 1149) श्री शिवरतन शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वर्ष 2018 में कितनी देशी व विदेशी शराब दुकानें छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित थीं तथा वर्ष 2022 मे कितनी देशी तथा विदेशी शराब दुकानें संचालित है? किस-किस जिले में नयी तथा प्रीमीयम दुकानें खोलने की शासन की योजना है? पिछले 3 वर्षो में कितनी नयी शराब दुकान प्रारंभ कर दी गयी है **(ख)** वर्ष 2019-20, 20-21 तथा 31 जनवरी, 2022 तक मदिरा विक्रय तथा मदिरा में अधिरोपित कर की प्राप्त राशि से राज्य शासन को कितना राजस्व प्राप्त हुआ है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) : (क) वर्ष 2018 में 373 देशी मदिरा एवं 324 विदेशी मदिरा कुल 697 मदिरा दुकानें छत्तीसगढ़ प्रदेश में संचालित थी तथा वर्ष 2022 में 337 देशी मदिरा एवं 325 विदेशी मदिरा कुल 662 मदिरा दुकानें संचालित है। राज्य शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार वित्तीय वर्ष 2021-22 में भी 662 मदिरा दुकाने संचालित किए जाने के साथ, आवश्यकतानुसार बड़े जिलों में प्रीमियम मदिरा दुकानें संचालित किए जाने की अनुमति दी गई है। पिछले 03 वर्षों में 15 नयी प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकान, 01 नयी देशी मदिरा दुकान एवं 01 नयी विदेशी मदिरा दुकान प्रारंभ की गयी है, जिसमें से 01 प्रीमियम मदिरा दुकान संचालित नहीं है। **(ख)** वर्ष 2019-20, 2020-21 तथा 31 जनवरी, 2022 तक मदिरा विक्रय तथा मदिरा में अधिरोपित कर की प्राप्त राशि से राज्य शासन को प्राप्त राजस्व की जानकारी **संलग्न प्रपत्र**अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - पचपन"]

वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में उद्योग स्थापना हेतु भूमि आबंटन

[वाणिज्य एवं उद्योग]

47. (क्र. 1150) श्री शिवरतन शर्मा : क्या वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश में किन - किन जिलों में कहां- कहां आद्यौगिक परिक्षेत्र घोषित किया गया है तथा वर्ष 2019 से जनवरी ,2022 तक कितने नवीन उद्योगों को प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा अनुबंध किया गया है? **(ग)** क्या शासन ने उद्योग स्थापना हेतु भूमि आबंटन की कोई नवीन नीति निर्धारित की है या पुरानी नीती में परिवर्तन किया है तो वह क्या है ?

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री कवासी लखमा) :(क) प्रदेश में कुल 21 जिलों में औद्योगिक परिक्षेत्र घोषित किया गया है। विस्तृत विवरण जानकारी**पुस्तकालय**में रखे प्रपत्र-अ पर दर्शित है। वर्ष 2019 से जनवरी, 2022 तक 158 नवीन उद्योगों को प्रारंभ करने हेतु शासन द्वारा अनुबंध किया गया है। विस्तृत विवरण जानकारी**पुस्तकालय**में रखे प्रपत्र-ब पर दर्शित है।**(ख)** जी हां, छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्य एवं उद्योग विभाग द्वारा राज्य पुर्नगठन के पूर्व से प्रचलित नियम ''छत्तीसगढ़ उद्योग (शेड, प्लॉट एवं भूमि आबंटन) नियम-1974 (यथा संशोधित-01.04.1999) के स्थान पर दिनांक 07.03.2015 से छत्तीसगढ़ औद्योगिक भूमि एवं भवन प्रबंधन नियम-2015 को लागू किया गया है। इस नियम में यथा आवश्यकता समय समय पर परिवर्तन किये गये हैं।

प्रदेश में संचालित स्वास्थ्य योजनायें

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

48. (क्र. 1151) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** क्या प्रदेश में ''यूनिवर्सल हेल्थ केयर'' योजना लागू करने की कोई योजना है? यदि हाँ तो कब नहीं तो क्यों? **(ख)** क्या प्रदेश में ''यूनिवर्सल हेल्थ केयर'' योजना लागू करने अन्य प्रदेश/देश की योजनाओं का अध्ययन करने हेतु किसी प्रतिनिधि मंडल राज्यों/देशों का दौरा किया गया था? यदि हाँ तो कहाँ-कहाँ का व कब-कब और उसमें कौन-कौन शामिल थे ? क्या उस प्रतिनिधि मंडल द्वारा कोई रिपोर्ट सौंपी गई है , यदि हाँ तो उस रिपोर्ट पर क्या कार्यवाही की गई ? **(ग)** वर्तमान में ईलाज के लिए प्रदेश में कौन-कौन सी योजना से जनता को सहायता दी जा रही है? **(घ)** क्या कंडिका **(ग)** के तहत् राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का फायदा छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर प्रवासी लोगों, मजदूरों को अन्य राज्य में प्रवास के दौरान उन राज्यों में ईलाज कराने पर सुविधायें मिलती है? यदि हाँ तो किन-किन राज्यों में?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) :(क) ''यूनिवर्सल हेल्थ केयर'' कोई योजना नही, अपितु प्रक्रिया है।**(ख)** प्रश्न उत्पन्न नही होता।(ग)आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना और मुख्यमंत्री विषेष स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत जनता को सहायता दी जाती है।**(घ)** जी हाँ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के बाहर राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा जहाँ आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना संचालित है, उन राज्यों में आयुष्मान कार्ड से ईलाज कराने की सुविधा मिलती है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के बाहर बेहत्तर एवं अत्यावश्यक ईलाज प्रतिस्थितिवश कराने के लिए मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से सुविधा प्रदान की जाती है।

बेरोजगारों का पंजीयन

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

49. (क्र. 1154) श्री बृजमोहन अग्रवाल : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** राज्य में 15 जुलाई, 2022 तक कितने शिक्षित बेरोजगार पंजीकृत हैं व किस-किस वर्ग/ट्रेड में पंजीकृत हैं, वर्गवार/ट्रेडवार भी संख्या बतावें? **(ख)** वर्ष 2019, 2020, 2021 व 2022 में 15 फरवरी तक कितने बेरोजगारों का पंजीयन हुआ है व कितने पंजीकृत बेरोजगार को रोजगार प्राप्त हुआ है ? वर्षवार जानकारी देवें? **(ग)** क्या बेरोजगार युवकों को बेरोजगारी भत्ता दिया जा रहा है, यदि हाँ तो कब से कितनी-कितनी राशि कितने बेरोजगार युवकों को दी जा रही है? यदि नहीं तो क्यों? **(घ)** क्या जनघोषणा पत्र, 2018 में छत्तीसगढ़ के 10 लाख बेरोजगार युवाओं को न्यूनतम प्रतिमाह 2500 रूपये प्रदान करने की घोषणा की गई है, यदि हाँ तो कितने बेरोजगार युवाओं को अब तक कितनी राशि दी गई है, जानकारी देवें ? नहीं तो क्यों ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : (क) क्योंकि अभी 15 जुलाई, 2022 आयी ही नहीं है, इसलिये राज्य में 15 जुलाई 2022 तक की स्थिति में शिक्षित रोजगार इच्छुक व्यक्तियों की संख्या बताया जाना संभव नही हैं। **(ख)** प्रदेश के जिला एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्रों में **वर्ष 2019 में 2211693, वर्ष 2020 में 1884138, वर्ष 2021 में 1856498 एवं वर्ष 2022 (15 फरवरी) तक 1881082** रोजगार इच्छुक व्यक्ति पंजीकृत है। उक्त पंजीकृत व्यक्तियों में से वर्ष 2019 में 6055, वर्ष 2020 में 2151, वर्ष 2021 में 3133 एवं वर्ष 2022 (15 फरवरी की स्थिति में) 24 आवेदकों को प्लेसमेंट कैम्पों के माध्यम से निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों में रोजगार प्रदान किया गया है। **(ग)** जी नहीं। **(घ)** जी हॉं। नीति-निर्धारण की कार्यवाही प्रक्रियाधीन होने के कारण राशि प्रदान नहीं की गई है।

<u>गरियाबंद जिला अंतर्गत जिला चिकित्सालय एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ चिकित्सा अधिकारियों के स्वीकृत, भरे एवं रिक्त पद !</u>

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

50. (क्र. 1157) श्री अमितेश शुक्ल : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गरियाबंद जिला अंतर्गत जिला चिकित्सालय, गरियाबंद एवं जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के कितने-कितने पद स्वीकृत हैं ? स्वीकृत पद के विरूद्ध कितने-कितने पद भरे हुए हैं ? रिक्त पदों की पूर्ति कब तक की जावेगी ? **(ख)** कंडिका ''क'' के तहत जिला अस्पताल, गरियाबंद में क्या निश्चेतना (एनेस्थिसिया) विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना की गई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? कब तक पदस्थापना की जावेगी ? **(ग)** कंडिका ''ख'' के तहत जिला अस्पताल, गरियाबंद में निश्चेतना (एनेस्थिसिया) विशेषज्ञ चिकित्सक नही होने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के क्या प्रावधान हैं ?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जिला गरियाबंद अंतर्गत जिला चिकित्सालय में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 17 पद एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में विशेषज्ञ चिकित्सकों के 35 पद स्वीकृत है। उक्त स्वीकृत पदों के विरूद्ध जिला चिकित्सालय में 7 एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 2 पद भरे है। रिक्त पदों की पूर्ति के संबंध में निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ख)** जिला अस्पताल, गरियाबंद में निश्चेतना (एनेस्थिसिया) विशेषज्ञ चिकित्सक की पदस्थापना की गई थी। निश्चेतना (एनेस्थिसिया) विशेषज्ञ चिकित्सक की दिनांक 31.08.2020 को सेवानिवृत्त होने के उपरांत रिक्त है। निश्चित समय-सीमा बताया जाना संभव नहीं है। **(ग)**जिला अस्पताल, गरियाबंद मे वैकल्पिक व्यवस्था के तहत् निजी चिकित्सालयों में कार्यरत निश्चेतना (एनेस्थिसिया) विशेषज्ञ को ऑन कॉल ड्यूटी में अनुबंध के तहत् मानदेय रूपये 3,000/- प्रति सिजेरियन ऑपरेशन के दर से व्यवस्था की गई है, जिसका भुगतान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से किया जाता है।

<u>गरियाबंद जिले में पंजीकृत बेरोजगार</u>

[कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार]

51. (क्र. 1162) श्री डमरूधर पुजारी : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** गरियाबंद जिले में कुल कितने पंजीकृत बेरोजगार 15 फरवरी, 2022 तक की स्थिति में हैं, इनमें से कितने बेरोजगारों को 2500 /- मासिक सहायता जन घोषणा पत्र 2018 के अनुसार उपलब्ध कराया जा रहा है ? जानकारी देवें। **(ख)** गरियाबंद जिले में 1 जनवरी, 2020 से जनवरी, 2022 तक कितने वीटीपी के माध्यम से कितने युवाओं को प्रशिक्षण दिया गया है व इनमें से कितने को रोजगार उपलब्ध कराया गया है ? कितने वीटीपी को प्रशिक्षण हेतु कितना भुगतान किया गया है व कितना भुगतान किया जाना शेष है ? जानकारी देवें? **(ग)** गरियाबंद जिले में किस-किस ट्रेड में किस-किस वीटीपी द्वारा कब-कब, कितने-कितने युवाओं को कंडिका 'क' अवधि में प्रशिक्षित किया गया है तथा कितनों को रोजगार दिया गया है ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) : (क) गरियाबंद जिले में 15 फरवरी, 2022 तक की स्थिति में पंजीकृत बेरोजगार की संख्या 46387 है। जन घोषणा पत्र 2018 में बेरोजगारो को 2500 मासिक सहायता दिए जाने का कोई प्रावधान नहीं है। **(ख)** गरियाबंद जिले में 1 जनवरी, 2020 से जनवरी, 2022 तकवीटीपी के माध्यम से युवाओं को प्रशिक्षण नहीं दिया गया है । शेष प्रश्न उपस्थित नही होता। **(ग)** उत्तरांश "ख" के प्रकाश में प्रश्न उपस्थित नहीं होता।

<u>बस्तर क्षेत्र में विभाग के द्वारा संचालित कार्यक्रम, योजनायें व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन</u>

[खेल एवं युवा कल्याण]

52. (क्र. 1165) श्री बघेल लखेश्वर : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** बस्तर संभागान्तर्गत जिलों में खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा वर्ष 2019-20, 2020-21 व 2021-22 में क्या-क्या कार्यक्रम, योजनायें व खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया है? कृपया जानकारी देंवे ? **(ख)** प्रशनांश ''क'' के परिपेक्ष्य में उक्त कार्यक्रम, योजनाओं व खेल प्रतियोगिताओं हेतु जिलों को बंटित राशि व व्यय की जानकरी बतावें ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जानकारी संलग्न प्रपत्र पर है। (ख) जानकारी निम्नलिखित हैः-

क्र.	जिला का नाम	वर्ष 2019-20		वर्ष 2020-21		वर्ष 2021-22 (28.02.2022 की स्थिति में)	
		बंटित राशि (रूपये में)	व्यय (रूपये में)	बंटित राशि (रूपये में)	व्यय (रूपये में)	बंटित राशि (रूपये में)	व्यय (रूपये में)
1	बस्तर	3103200	1170950	1189400	528763	6434000	6096976
2	कोण्डागांव	2029700	1427335	1200000	238341	5676800	640546
3	नारायणपुर	1408000	1237800	819524	819500	2395000	2330000
4	सुकमा	1160000	1084000	735000	623266	4295000	520000
5	दन्तेवाड़ा	760000	760000	100000	100000	540000	539930
6	कांकेर	2769700	2117995	1287500	465498	9480000	8914962
7	बीजापुर	0	0	0	0	560000	251672

[संलग्न "परिशिष्ट - छप्पन"]

जिला जांजगीर-चांपा अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग की योजनाएं

[खेल एवं युवा कल्याण]

53. (क्र. 1168) श्री रामकुमार यादव : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** जिला जांजगीर-चांपा के अंतर्गत खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा वर्तमान में खेल एवं युवाओं के प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से कौन-कौन सी योजनायें संचालित हैं ? **(ख)** प्रश्नांक 'क' में संचालित योजनाओं हेतु विभाग द्वारा एवं 2019-20 से 15 फरवरी, 2022 तक कौन-कौन से मद में कितनी-कितनी राशि आबंटित की गयी है ?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :जानकारी संलग्न प्रपत्र अनुसार है।
[संलग्न "परिशिष्ट - सनतावन"]

जशपुर जिला चिकित्सालय हेतु ट्रामा वैन

[लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण]

54. (क्र. 1171) श्री विनय कुमार भगत : क्या पंचायत मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** प्रदेश के सीमावर्ती दुरस्थ आदिवासी बाहुल्य जिला जशपुर से निकस्थ ट्रामा सेन्टर कौन सा है ? सड़क मार्ग से इसकी दूरी कितनी है? **(ख)** क्या विभाग के द्वारा ट्रामा वैन की सुविधा जिला चिकित्सालय, जशपुर में उपलब्ध करायी जाना प्रस्तावित है? **(ग)** यदि हां, तो इसे कब तक उपलब्ध करा दिया जायेगा? **(घ)** यदि नहीं, तो विभाग के द्वारा वैकल्पिक व्यवस्था की जा रही हो, तो उसका ब्यौरा क्या है?

पंचायत मंत्री (श्री टी.एस. सिंहदेव) : (क) जिला जशपुर से निकटतम ट्रामा सेंटर मेडिकल कालेज रायगढ़ में है जो कि जिला मुख्यालय से 200 कि.मी. की दूरी पर है। **(ख)** जी, हाँ। **(ग)** तथा **(घ)** जिला चिकित्सालय जशपुर में दिनांक 14.05.2021 को ट्रामा वैन उपलब्ध करायी जा चुकी है। जो वर्तमान में जिले के मध्य विकासखण्ड कुनकरी में संचालित किया जा रहा है।

शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर नगर में लिये जा रहा जनभागीदारी शुल्क

[उच्च शिक्षा]

55. (क्र. 1172) श्री विनय कुमार भगत : क्या उच्च शिक्षा मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-**(क)** वित्तीय वर्ष 2018-19 से 15 फरवरी, 2022 तक नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों से प्रति विद्यार्थी, जनभागीदारी शुल्क की कितनी राशि शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुरनगर के प्रबंधन द्वारा ली जा रही है? **(ख)** प्रश्न 'क' के तहत महाविदयालय में वित्तीय वर्ष 2018-19 से प्रश्नांकित तिथि तक वर्षवार कुल प्रवेशीत नियमित और स्वाध्यायी विद्यार्थियों की संख्या और उनके द्वारा जमा की जनभागीदारी शुल्क की कुल राशि, वर्षवार कितनी रही है? **(ग)** जनभागीदारी शुल्क की राशि का महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रश्नांकित 'क' अवधि में किये गये

व्यय का वर्षवार ब्यौरा क्या है? **(घ)** क्या प्रश्न 'क' के व्यय पर महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा जी.एस.टी. की राशि शासन के संबंधित खाते में जमा की गई है? **(ड.)**यदि हां, तो तत्संबंधी वर्षवार ब्यौरा क्या है? (च) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

उच्च शिक्षा मंत्री (श्री उमेश पटेल) :(क) जानकारी **प्रपत्र''अ'' पर संलग्न** है।**(ख)** जानकारी **प्रपत्र''अ'' पर संलग्न** है। **(ग)** जानकारी **प्रपत्र''ब'' पर संलग्न** है।**(घ)** जी नहीं।**(ड.)** कंडिका ''घ'' के परिपेक्ष्य में निरंक।(च) क्रय की गई सामग्री या सेवा जी.एस.टी. भुगतान निर्धारित सीमा से कम होने के कारण जी.एस.टी. का भुगतान नहीं की गई।
[संलग्न "परिशिष्ट - अनठावन"]

तारांकित प्रश्नोत्तर से संबंधित परिशिष्ट
पारिशेष्ट - एक

तारांकित प्रश्न संख्या 1 (क्र. 1159) की जानकारी

प्रपत्र

विभाग से संबधित जनघोषणा पत्र के महत्वपूर्ण बिन्दुवार जानकारी निम्नानुसार है :–

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
1	सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक के अनुरूप विकसित किया जाएगा जिसमें पर्याप्त डॉक्टर नर्स तथा स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की जाएगी।	स्वास्थ्य का अधिकार–छ.ग. के हर नागरिक को सर्वजन स्वास्थ्य (यूनिवर्सल हेल्थ केयर) के अंतर्गत गुणवत्तायुक्त ईलाज की सुविधा निःशुल्क दी जाएगी। यह सुविधा बाह्य रोगी और अस्पताल में भर्ती रोगियों दोनों पर लागू होगी और इस योजना के तहत् दवाईयां और जांच की सुविधा भी निःशुल्क प्रदान की जाएगी, गंभीर बीमारियों के ईलाज के लिए भी उच्चतम श्रेणी के चिकित्सक नियुक्त किये जायेंगे और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं से युक्त अस्पताल बनाये जाएंगे।
		इस विषय के परिप्रेक्ष्य में विभिन्न बिंदुओं में कार्य संपादित किये गये जो निम्नानुसार है–
		1. सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक के अनुरूप पदों का सृजन किया जा चुका है। विकसित करने हेतु कार्य योजना तैयार किया जा रहा है।
		2. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 423 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 345 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।
		3. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 208 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 196 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।
		4. नियमित चिकित्सा अधिकारियों 443 पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 23.10.2021 को विज्ञापन प्रकाशित किए गए है। न्यायालयीन प्रकरण होने के कारण भर्ती में विलंब हुआ है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		5. दंत चिकित्सकों के विभाग अंतर्गत रिक्त 44 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से दिनांक 09.02.2022 को विज्ञापन प्रकाशित किए गए है।
		6. दिसम्बर 2018 से अब तक 1189 एम.बी.बी.एस. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		7. दिसम्बर 2018 से अब तक 247 पी.जी. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		8. जनवरी 2019 से अब तक 1820 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है तथा चिकित्सा अधिकारी से चिकित्सा विशेषज्ञ के 213 पदों पर पदोन्निति की गई है।
		9. नियमित ग्रामीण चिकित्सा सहायकों के रिक्त 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।
		10. वर्ष 2018 में तृतीय श्रेणी के मेडिकल लेब टैक्नालाजिस्ट की 228 पदों में से 129 पद तथा एवं रेडियोग्राफर के 21 पदों में 06 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए है।
		11. वर्ष 2020 में मेडिकल लेब टैक्नालाजिस्ट के 50 पद,बहु.स्व.कार्यकर्ता 350 की स्वीकृति प्रदान की गयी है,संभागीय संयुक्त संचालक स्वास्थ्य सेवाये,द्वारा मेडिकल लेब टैक्नालाजिस्ट के 50 पद के विरूद्व 48 पद एवं बहु.स्व.कार्यकर्ता 350 के विरूद्व 282 पद पर नियुक्ति आदेश जारी किया गया है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		12. वर्ष 2021 द्वारा संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें छ.ग. के अंतर्गत सेटअप में स्वीकृति 3948 (रेडियोग्राफर, लैब टेक्नीशियन, नेत्र सहायक अधिकारी, ओ.टी. टेक्नीशियन, प्रशीतक मेकेनिक (रेफ्रिजरेटर मैकेनिक), फार्मासिस्ट ग्रेड–02, ड्रेसर ग्रेड–01, ड्रेसर ग्रेड–02, ग्रा.स्वा.संयो. पुरूष, लैब असिस्टेट, डार्करूम असिस्टेंट, डार्करूम असिस्टेंट एवं चतुर्थ श्रेणी) के पदों को भरे जाने की अनुमति प्रदान की है। भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।
		13. बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरूष) के 350 पद पूर्ति की हेतु विज्ञापन जारी किए गए थे, जिसमें कुल 280 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए है।
		14. दिसम्बर 2018 से अब तक मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट–276 एवं रेडियोग्राफर की 21 रिक्त पदों की पूर्ति की जा चुकी है।
		15. विभाग द्वारा स्टॉफ नर्स के सीधी भर्ती के 558 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		16. बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 328 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।
		17. प्रदेश के सभी परिवारों को आयुष्मान कार्ड बनाकर निःशुल्क उपचार योजना में शामिल किया गया है। जिसमें प्रत्येक परिवार को 5 लाख/50 हजार तक निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2021–22 हेतु डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना एवं अंतर्गत राशि रु. 286 करोड़ एवं मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना हेतु राशि रू. 50 करोड़ प्रावधानित है।
		18. प्रदेश के समस्त चिकित्सालय में सभी मरीजों को आवश्यक दवाईयां निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2021–22 में दवाई हेतु अंतर्गत राशि रु. 135 करोड़ 82 लाख प्रावधानित थी ।
		19. प्रदेश के जनमानस को आवश्यक चिकित्सा उपचार एवं उत्कृष्ट चिकित्सा उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से आवश्यक मशीन–उपकरण/कन्ज्यूमेंबल सामग्री कय हेतु वित्तीय वर्ष 2021–22 में दवाई हेतु अंतर्गत राशि रु. 89 करोड़ 50 लाख 90 हजार एवं अन्य सामग्री हेतु 79.35 लाख प्रावधानित थी।
2	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नजदीक ही वहां कार्यरत स्टाफ के लिए आवास का प्रावधान किया जाएगा ताकि आपातकाल के समय में तुरंत ईलाज मिल सके।	स्वीकृत स्टाफ क्वाटर निर्माण का कार्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से निरंतर किया जा रहा है।
3	अधिक जनसँख्या वाले शहरी क्षेत्रों में नये स्वास्थ्य केंद्र खोले गये है।	अधिक जनसंख्या वाले शहरी क्षेत्र में 6 नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र खोले गये है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
4	सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों का उन्नयन कर सर्व सुविधायुक्त अस्पतालों के रूप में विकसित किया जाएगा जिसमें जरूरत के अनुसार चिकित्सक, विशेषज्ञ तथा अन्य स्टाफ की भर्ती की जाएगी।	सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विकसित किया जा रहा है। 423 चिकित्सा अधिकारी एवं पदों की पूर्ति कर विभिन्न सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थापना की गयी है तथा 45 विशेषज्ञ की नियमित नियुक्ति तथा 63 विशेषज्ञ की संविदा नियुक्ति प्रदान की गयी है । 414 विशेषज्ञ चिकित्सक की पद पूर्ति पदोन्नति से किए जाने का प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को प्रेषित किया गया है जिससे शेष रिक्त पदों की पूर्ति की जावेगी।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
5	जिला अस्पतालों को सुपर स्पेशलिटी सुविधाएं प्रदान करने योग्य बनाया जाएगा। 6 मेडिकल कॉलेजों को मल्टीस्पेशलिटी अस्पतालों में बदला जाएगा तथा नये मेडिकल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे।	• जिला अस्पताल में हॉस्पिटल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की पदस्थापना, पदोन्नति एवं सीधी भर्ती के माध्यम से की जा रही है तथा 03 नये मेडिकल कॉलेज की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसमें कांकेर में मेडिकल कॉलेज प्रारंभ कर दिये गये है।
		• प्रदेश के जिला चिकित्सालयों में गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) तथा सर्व सुविधायुक्त ऑपरेशन थियेटर संचालित है। सभी जिला चिकित्सालयों में हमर लैब की स्थापना की जा रही है।
6	पहले वर्ष में 1000 चिकित्सकों को अधिकतम वेतनमान पर नियुक्त किया जाएगा। पहले वर्ष में 200 विशेषज्ञों को नियुक्त किया जाएगा।	1. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 423 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 345 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।
		2. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 208 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 196 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।
		3. नियमित चिकित्सा अधिकारियों 443 पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 23.10.2021 को विज्ञापन प्रकाशित किए गए है। न्यायालयीन प्रकरण होने के कारण भर्ती में विलंब हुआ है।
		4. दिसम्बर 2018 से अब तक 1189 एम.बी.बी.एस. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेष के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		5. दिसम्बर 2018 से अब तक 247 पी.जी. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		6. 63 विशेषज्ञ संविदा एवं 45 विशेषज्ञ नियमित/संविदा रूप से अनुबंध के तहत नियुक्त किया गया है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		7. प्रदेश में विशेषज्ञ पदों पर पदोन्नति हेतु 414 पदों पर प्रथम श्रेणी विशेषज्ञ चिकित्सक का पद पूर्ति प्रस्ताव लोक सेवा आयोग को प्रेषित किया गया है। जिसमें 213 विशेषज्ञ की पदोन्नति आदेश जारी किये जा चुके है।
7	नर्सिंग स्टाफ–4000 एएनएम एवं 3000 स्टाफ नर्स की नियुक्ति की जाएगी तथा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। अतिरिक्त लैब टेक्निशियन, फार्मासिस्ट व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की नियुक्तिया की जाएंगी।	नर्सिग स्टॉफ 328 ए.एन.एम.की नियुक्ति आदेश जारी किए गए है तथा 210 पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रकियाधीन है। नर्सिग स्टाफ 558 स्टाफ नर्स की नियुक्ति आदेश जारी किए गए है तथा 464 पदों पर भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। वर्ष 2021 में लैब टेक्नीशियन के 141, फार्मासिस्ट ग्रेड–2 के 187 एवं अन्य चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के 1497 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु अनुमति प्राप्त हुई हैं, जिस पर भर्ती प्रक्रियाधीन है।
8	नर्सिंग होम एक्ट का पुनःरीक्षण कर इसे छोटे अस्पतालों पर लागू नहीं किया जाएगा।	कार्यवाही अपेक्षित है।
9	सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा के अंतर्गत, स्वास्थ्य कर्मियों को 3 वर्षों तक प्राथमिक चिकित्सा तथा आपातकाल सेवा का विस्तृत प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा जिलेवार लाइसेंस प्रदान किए जाएंगे।	सामुदायिक स्वास्थ्य सेवा हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को प्रशिक्षित कर नियुक्त किया गया है। वर्तमान में 2665 सामु.स्वा. अधिकारी कार्यरत है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
10	108 एंबुलेंस सेवा को बढ़ाया जाएगा तथा सभी एंबुलेंस को मोबाइल एडवांस लाइफ सपोर्ट सिस्टम तथा मोबाइल मेडिकल यूनिट से युक्त किया जाएगा।	108 सजीवनी एक्सप्रेस एम्बुलेंस सेवा को 240 से बढ़कार 300 किया गया है। 230 एम्बुलेंस बेसिक लाईफ सपोर्ट हेतु संचालित थे जिसे 270 तथा 10 एडवांश लाईफ सपोर्ट हेतु संचालित थे जिसे 30 एम्बुलेंस किया गया । राज्य में महतारी एक्सप्रेस योजना (102) अंतर्गत राज्य में 324 वाहन दुर्गम क्षेत्र से सामान्य क्षेत्र राज्य में संचालित है, उक्त योजना को संचालित किए जाने हेतु राशि रू.36 करोड़ 48 लाख एवं संजीवनी एक्सप्रेस योजना (एमरजेंसी मेडिकल रिस्पॉस–108) अंतर्गत राज्य में 300 वाहन दुर्गम क्षेत्र से सामान्य क्षेत्र राज्य में संचालित है, उक्त योजना को संचालित किए जाने हेतु राशि रू. 644 लाख प्रावधान कर योजना का लाभ आम जनता तक पहुचाई जा रही है। इसी प्रकार ग्रामीण मोबाईल चिकित्सा ईकाई के तहत(आर.एम.एम.यू) एम्बुलेंस का संचालन कर चिकित्सा एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है इस पर प्रतिवर्ष 558 लाख का व्यय किया जा रहा है।
11	मितानिनों को कमीशन के अतिरिक्त 5000 रू. मासिक वेतनमान दिया जाएगा। साथ ही मितानिनों की कमी को पूरा करने के लिए 5000 मितानिनों की नियुक्ति की जाएगी।	1362 मितानिनों के स्वीकृति के विरूद्व 1199 मितानिनों का चयन पूर्ण हो चुका है। शेष की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रदेश में प्रशिक्षित मितानीनों को स्टॉफ नर्स एवं बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता (महिला) के पद पर नियुक्ति प्रदान की गई है।
12	शिक्षित युवा बेरोजगारों को चिकित्सा मित्र के तौर पर नियुक्त कर प्राथमिक चिकित्सा तथा स्वास्थ्य जागरूकता हेतु उपयुक्त प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।	1. शिक्षित युवा बेरोजगारों को अवसर प्रदान करने के लिये विभाग द्वारा विभिन्न भर्तियां की गई है। 2. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 423 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 345 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए। 3. नियमित चिकित्सा अधिकारियों की रिक्त 208 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण की गई जिसमें से 196 चिकित्सकों के नियुक्ति आदेश जारी किए गए।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		4. नियमित चिकित्सा अधिकारियों 443 पदों की पूर्ति हेतु दिनांक 23.10.2021 को विज्ञापन प्रकाशित किए गए है। न्यायालयीन प्रकरण लंबित होने के कारण भर्ती की कार्यवाही प्रक्रियाधीन हैं।
		5. दंत चिकित्सकों के विभाग अंतर्गत रिक्त 44 पदों पर सीधी भर्ती के माध्यम से दिनांक 09.02.2022 को विज्ञापन प्रकाशित किए गए है।
		6. दिसम्बर 2018 से अब तक 1189 एम.बी.बी.एस. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		7. दिसम्बर 2018 से अब तक 247 पी.जी. अनुबंधित छात्र/चिकित्सकों को अनुबंध के तहत प्रदेश के स्वास्थ्य संस्थाओं में पदस्थ किया गया है।
		8. नियमित ग्रामीण चिकित्सा सहायकों के रिक्त 25 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।
		9. मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट के– 48 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।
		10. बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (पुरूष) के 350 पद पूर्ति की हेतु विज्ञापन जारी किए गए थे, जिसमें कुल 280 पदों पर नियुक्ति आदेश जारी किए गए है।
		11. दिसम्बर 2018 से अब तक मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट–276 एवं रेडियोग्राफर की 21 रिक्त पदों की पूर्ति की जा चुकी है।
		12. स्टॉफ नर्स के सीधी भर्ती के 558 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।

क्रमांक	विषय	स्वास्थ्य विभाग द्वारा घोषणाओं पर की गई कार्यवाही
		13. बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता (महिला) के 328 पदों पर भर्ती की कार्यवाही पूर्ण कर नियुक्ति आदेश जारी किए जा चुके है।
13	बस्तर, सरगुजा तथा सुपेबेड़ा जैसे अन्य दुर्गम क्षेत्रों में हवाई एंबुलेंस की सेवा प्रदान की जाएगी।	बस्तर, सरगुजा तथा सुपेबेड़ा जैसे दुर्गम क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार किया गया है। प्रदेश में किडनी रोगों के डायलिसिस हेतु 7 जिलों में डायलिसिस की निःशुल्क प्रारंभ कर दी गई है एवं 11 स्थानों में इन सुविधाओ में प्रारंभ किये जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। बस्तर में ही एक नवीन मेडिकल कॉलेज की स्थापना की गई है। एम्स के साथ मिलकर सुपेबेड़ा क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये जा रहे है एवं नये प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना की गई है एवं मोबाईल मेडिकल यूनिट से भी लगातार सेवायें दी जा रही है।
14	प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ब्लड बैंक एवं एंबुलेंस की सुविधा प्रदान की जाएगी।	1. वर्तमान में राज्य के 28 जिलों में से 27 जिलों में ब्लड बैंक की स्थापना की जा चुकी है। 27 जिलों में 31 शासकीय ब्लड बैंक संचालित है। नव निर्मित जिला गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही में ब्लड बैंक की स्थापना प्रक्रियाधीन है।
15	स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे कर्मियों का वेतनमान बढ़ाया जाएगा जिससे स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता को बढ़ाया जा सके।	स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्य कर रहे स्वास्थ्य कर्मियों को पदोन्नति प्रदान की गई है।
16	ग्रामीण क्षेत्र, पिछड़े क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य कर्मी नियुक्त करने हेतु अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी।	ग्रामीण क्षेत्र, पिछड़े क्षेत्र एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में कार्य कर रहें स्वास्थ्य कर्मियों को सीआरएमसी, एनपीए, आयुष्मान भारत खूबचंद बघेल योजना के इनसेंटिव के रूप में अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है।

प्रपत्र –अ

परिशिष्ट - दो

तारांकित प्रश्न संख्या 2 (क्र. 1178) की जानकारी

क्र.	जिला	देशी मदिरा		विदेशी मदिरा		कंपोजिट मदिरा		प्रीमियम मदिरा		योग	
		दुकान संख्या	काउंटर संख्या	दुकान संख्या	काउंटर संख्या	दुकान संख्या	काउंटर संख्या	दुकान संख्या	काउंटर संख्या	दुकान संख्या	काउंटर संख्या
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1	रायपुर	13	41	39	134	14	58	10	23	76	255
2	धमतरी	2	2	9	9	15	15	1	1	27	27
3	महासमुंद	12	35	15	42	7	17	0	0	34	94
4	बलौदाबाजार	13	32	15	35	8	13	0	0	36	80
5	गरियाबंद	6	15	7	16	2	7	0	0	15	38
6	दुर्ग	14	47	24	71	19	60	6	13	63	191
7	बेमेतरा	5	16	5	14	6	25	0	0	16	55
8	बालोद	3	9	7	15	8	33	0	0	18	57
9	राजनांदगांव	9	26	12	37	7	27	0	0	28	90
10	कबीरधाम	9	22	9	19	5	11	0	0	23	52
11	बिलासपुर	31	57	27	53	9	23	2	3	69	136
12	मुंगेली	5	5	6	6	4	8	0	0	15	19
13	जांजगीर चांपा	26	52	25	47	12	25	1	2	64	126
14	कोरबा	12	20	17	33	7	10	1	1	37	64
15	रायगढ़	16	19	23	29	8	18	0	0	39	48
16	जशपुर	4	4	7	13	0	0	0	0	11	17
17	सरगुजा	1	2	6	11	0	0	0	0	7	13
18	कोरिया	6	6	13	13	4	8	0	0	23	27
19	सूरजपुर	0	0	8	8	2	2	0	0	10	10
20	बलरामपुर	0	0	5	10	0	0	0	0	5	10
21	जगदलपुर	0	0	4	16	1	2	0	0	5	18
22	कांकेर	4	4	8	0	0	8	0	0	4	12
23	कोण्डागांव	2	2	3	6	0	0	0	0	5	8
24	नारायणपुर	1	1	1	2	0	0	0	0	2	3
25	दंतेवाड़ा	1	1	4	8	0	0	0	0	5	9
26	बीजापुर	2	2	3	6	0	0	0	0	5	8
27	सुकमा	2	2	2	3	0	0	0	0	4	5
	योगः.	199	422	304	656	138	370	21	43	662	1491

प्रपत्र–ब

क्रं.	देशी मदिरा दुकान का नाम	खपत (बिक्री) मात्रा प्रू.ली. में	विदेशी मदिरा दुकान	खपत (बिक्री) मात्रा प्रू.ली. में	
				स्प्रिट प्रू.ली. में	माल्ट ब.ली. में
1	दे.म.दु. टेड़ेसरा	187445.27	वि.म.दु. सोमनी	183790.27	44897.33
2	दे.म.दु. रेवाडीह बाईपास रोड	468789.39	वि.म.दु. रेवाडीह बाईपास रोड	437154.33	181244.51
3	दे.म.दु. सोमनी	186203.43	वि.म.दु. सोमनी पूर्व	105136.40	42874.05
4	दे.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	583913.99	वि.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	495095.28	139658.49
5	दे.म.दु. खैरागढ़	587617.03	वि.म.दु. खैरागढ़	219268.20	95244.20
6	दे.म.दु. छुईखदान	311349.88	वि.म.दु. छुईखदान	117725.97	53735.00
7	दे.म.दु. गण्डई	319480.07	वि.म.दु. गण्डई	105927.41	59184.60
8	दे.म.दु. साल्हेवारा	75749.60	वि.म.दु. बेलगांव	511707.15	90389.97
9	दे.म.दु. बोरतलाब	143916.30	वि.म.दु. बागनदी	63409.50	19235.45
10	दे.म.दु. मुढ़ीपार	205237.12	वि.म.दु. अं.चौकी	213683.24	79401.88
11	दे.म.दु. छुरिया	352559.29	वि.म.दु. मानपुर	102765.85	52397.79
12	दे.म.दु. बागनदी	30239.94	वि.म.दु. डोंगरगांव	171130.94	82407.73
13	दे.म.दु. अं.चौकी	293816.38			
14	दे.म.दु. मानपुर	60290.37			
15	दे.म.दु. डोंगरगॉव	443782.19			
16	दे.म.दु. अर्जुनी	393741.65			
योग -		**4644131.90**	**योग -**	**2726794.54**	**940671.00**

वर्ष 2019-20

क्रं.	देशी मदिरा दुकान का नाम	खपत (बिक्री) मात्रा प्रू.ली. में	विदेशी मदिरा दुकान	खपत (बिक्री) मात्रा	
				स्प्रिट प्रू.ली. में	माल्ट ब.ली. में
1	दे.म.दु. टेड़ेसरा	148403.52	वि.म.दु. सोमनी	220776.03	51125.74
2	दे.म.दु. रेवाडीह बाईपास	309513.46	वि.म.दु. रेवाडीह	481972.80	175482.43
3	दे.म.दु. सोमनी	151525.09	वि.म.दु. सोमनी पूर्व	111185.72	44251.36
4	दे.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	483028.69	वि.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	606714.73	176813.68
5	दे.म.दु. खैरागढ़	546510.89	वि.म.दु. खैरागढ़	254227.58	117046.79
6	दे.म.दु. छुईखदान	294482.04	वि.म.दु. छुईखदान	130793.50	50717.90
7	दे.म.दु. गण्डई	287080.59	वि.म.दु. गण्डई	119464.30	61365.85
8	दे.म.दु. साल्हेवारा	65813.48	वि.म.दु. बेलगांव	623101.44	104096.85
9	दे.म.दु. बोरतलाब	84232.55	वि.म.दु. बागनदी	69649.39	23100.98

10	दे.म.दु. मुढ़ीपार	197248.33	वि.म.दु. अं.चौकी	217138.27	78215.78
11	दे.म.दु. छुरिया	266445.13	वि.म.दु. मानपुर	111576.13	49288.23
12	दे.म.दु. बागनदी	27954.23	वि.म.दु. डोंगरगांव	178261.31	82605.91
13	दे.म.दु. अं.चौकी	223775.80	वि.म.दु. प्रीमियम	502.88	0.00
14	दे.म.दु. मानपुर	49804.36			
15	दे.म.दु. डोंगरगॉव	315709.96			
16	दे.म.दु. अर्जुनी	276898.30			
योग -		**3728426.42**	**योग -**	**3125364.08**	**1014111.50**

वर्ष 2020-21

क्रं.	देशी मदिरा दुकान का नाम	खपत (बिक्री) मात्रा प्रू.ली. में	विदेशी मदिरा दुकान	खपत (बिक्री) मात्रा	
				स्प्रिट प्रू.ली. में	माल्ट
1	दे.म.दु. टेड़ेसरा	147114.44	वि.म.दु. सोमनी	187001.69	44857.06
2	दे.म.दु. रेवाडीह बाईपास रोड	198595.02	वि.म.दु. रेवाडीह बाईपास रोड	260437.63	124076.48
3	दे.म.दु. सोमनी	155965.45	वि.म.दु. सोमनी पूर्व	124206.24	42017.73
4	दे.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	358027.34	वि.म.दु. मण्डी बाईपास रोड	306586.66	125216.67
5	दे.म.दु. खैरागढ़	369477.44	वि.म.दु. खैरागढ़	164773.83	89289.21
